जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

उदयपुर
Rashtradoot

फोनः- 2418945 फैक्सः- 0294-2410146 वर्षः 32 संख्याः 119 प्रभात उदयपुर, रविवार 2 मार्च, 2025 आर.जे. 7202 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

# ज़ैलेंस्की व ट्रम्प के बीच वाइट हाउस में, अमेरिका के राष्ट्रपति के दफ्तर में हुई झड़प

## इस झड़प ने पर्दा उठा दिया, उस किंवदंती पर से कि अमेरिका का राष्ट्रपति विश्व का सबसे सशक्त व्यक्ति है

- इस झड़प ने यह भी साबित कर दिया कि अमेरिका का राष्ट्रपति, रूस की सरकार की कठपुतली है तथा इस भय से ग्रसित है कि रूस का विरोध करने का क्या परिणाम हो सकते हैं।
- इस झड़प ने यह भी दिखा दिया, अमेरिका के उपराष्ट्रपति भी, राष्ट्रपति ट्रम्प के मनपसंद खिलौने से ज्यादा महत्व नहीं रखते। हालांकि, प्रथत दृष्टया ऐसा लगता है कि यूक्रेन कमज़ोर हुआ है, पर, अमेरिका की भी कठिनाईयां बढ़ी हैं। अब अमेरिका खुलकर रूस का पक्ष लेने में कुछ हिचकिचायेगा तथा यूक्रेन से औद्योगिक दृष्टि से महत्वपूर्ण खनिजों को प्राप्त करने में इसे भारी जोर आयेगा।
- यूक्रेन को एक और फायदा यह हुआ कि पूरा यूरोप अब यूक्रेन के समर्थन में खड़ा हो गया है। जबकि, पहले यूक्रेन का साथ देने के प्रश्न पर यूरोप विभाजित सा था, एकमत नहीं था।

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1 मार्च। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ैलेंस्की और अमेरिकी राष्ट्रपति के बीच ओवल ऑफिस में हुई खुली झड़प ने इस मिथक से पर्दा उठा दिया है कि अमेरिका का राष्ट्रपति विश्व का सबसे शक्तिशाली व्यक्ति है। यह घटना आधुनिक समय के कूटनीतिक इतिहास में अप्रत्याशित थी।

कमजोर, और अपने शक्तिशाली पड़ोसी के साथ निरंतर युद्ध से घायल, यूक्रेन के राष्ट्रपति ने खुद को साहसी व दृढ़ व्यक्तित्व वाले नायक के रूप में दर्शाया। उन्होंने, सबसे शक्तिशाली आदमी द्वारा अपने ही गढ़ में की जा रही दादागिरी का बेधड़क सामना किया और बिना डरे, डटे रहे। संदेश यह था: जब आप बिल्कुल कोने में धकेल दिए जाते हैं, तो आप अमेरिकी राष्ट्रपति से उनके अपने दफ्तर में भी मुकाबला कर सकते हैं।

उनके प्रतिद्वंद्वी, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प रूसियों की एक कठपुतली और रूस की प्रतिक्रिया के संभावित परिणामों से डरने वाले एक कायर के रूप में सामने आए हैं। उनके उपराष्ट्रपति की स्थिति इससे भी बदतर है, वे तो ट्रम्प के हाथ का खिलौना मात्र हैं।

सीधे शब्दों में कहें, तो अमेरिका ने एक फायदेवाला सौदा खो दिया है। यूक्रेन के दुर्लभ खनिजों को डवलप करना और शेयर करना अमेरिका के उद्योगों और रक्षा क्षेत्र के लिए एक भारी एग्रीमैंट है। ऐसा लग रहा है कि अमेरिका को एक बार फिर इन खनिजों को सुरक्षित करने के लिए बातचीत शुरू करनी पड़ेगी।

यदि सतह पर देखा जाए, तो यूक्रेन ने रूस की आक्रामकता के खिलाफ अपनी लड़ाई में अमेरिकी समर्थन खो दिया है, लेकिन, दूसरी तरफ, रूस के राष्ट्रपति और तानाशाह, व्लादिमिर पुतिन के सामने झुकना अमेरिका के राष्ट्रपति के लिए और भी अधिक कठिन काम होगा।

रूस के लोगों ने जहाँ अपने सबसे जुझारू प्रतिद्वंद्वी की स्पष्ट अपमानजनक हार का जश्न मनाया होगा, वहीं, उन्हें यह समझना चाहिए कि जल्द ही उन्हें एक और भी अधिक दुष्कर समस्या का सामना करना पड़ेगा। क्योंकि अपनी साख साबित करने के लिए अब अमेरिका, रूस की पूरी तरह से अधीनता नहीं कर पाएगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति और उनके सहयोगियों के व्यवहार ने पूरे पश्चिमी यूरोप को यूक्रेन का खुले तौर पर समर्थन करने के लिए बाध्य किया था। यहां तक कि इटली की प्रधानमंत्री, ज्योर्जिया मेलोनी, जो यूक्रेन को समर्थन देने को लेकर खास उत्साहित नहीं थीं, ने भी अपना रुख बदल लिया।

अब पूरा यूरोप यूक्रेन का समर्थन करने और उसके पीछे खड़ा होने के लिए एकजुट हो रहा है, जबकि, अब तक इस मुद्दे पर यूरोप बंटा हुआ था। तथापि, अभी भी कुछ अपवाद हो सकते हैं, जैसे हंगरी, जो हाल तक यूक्रेन का समर्थन करने के खिलाफ था। हालांकि, ऐसे देशों की आवाज़, अन्य देशों द्वारा अमेरिका के रूख की सख्त आलोचना और यूक्रेन के समर्थन की आवाज़ में दब जाएगी।

यह होना तय था। चुनाव में अपनी पुनः जीत के बाद से, डॉनल्ड ट्रंप अधिक से अधिक घमंडी होते जा रहे थे। फ्रांस के राष्ट्रपति, इमैनुएल मैक्रों के साथ अपनी संयुक्त प्रैस कॉन्फ्रैंस में, डॉनल्ड

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के बकाया वेतन पर हाई कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया

- आदेश में 15 माह का बकाया वेतन 15 दिन में नहीं देने पर पंचायती राज आयुक्त, स्थानीय निकाय निदेशक व महवा नगर पालिका के कर्मचारी अधिकारी का वेतन रोकने के निर्देश दिये गये हैं।

जयपुर, 1 मार्च। राजस्थान हाईकोर्ट ने महुआ नगर पालिका के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का पन्द्रह महीने का बकाया वेतन 15 दिन में देने के आदेश दिए हैं। ऐसा नहीं करने पर अदालत ने पंचायती राज आयुक्त, स्थानीय निकाय निदेशक और नगर पालिका के कार्यकारी अधिकारी का वेतन रोकने को कहा है। अदालत ने यह भी कहा कि यदि प्रमुख स्वायत्त शासन सचिव आदेश की पालना में फेल हुए तो मुख्य सचिव को निर्देश दिए जाते हैं कि वे प्रमुख स्वायत्त शासन सचिव का वेतन रोक लें। जस्टिस अनूप कुमार ढंड की एकलपीठ ने यह आदेश संतराम शर्मा की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता केपी सिंह ने कहा कि अदालत ने गत 18 फरवरी को राज्य सरकार को आखिरी मौका देते हुए पूछा था कि याचिकाकर्ता का बकाया वेतन क्यों रोका गया है। इस पर सरकारी वकील ने इस संबंध में दिशा-निर्देश प्राप्त

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कर्नाटक के मु.मंत्री सिद्धारमैया ने केन्द्रीय सरकार के खिलाफ सड़क पर उतरने की धमकी दी

## सिद्धारमैया के अनुसार, केन्द्रीय सरकार कर्नाटक का हिस्सा 41 प्रतिशत से घटाकर 40 प्रतिशत करने की तैयारी में है, वित्त आयोग की मदद से

- सिद्धारमैया की यह शिकायत है कि ''डीलिमिटेशन'' से केन्द्रीय सरकार दक्षिण भारत के राज्यों की सीटें व राजनीतिक प्रभाव कम करेगी।
- अगर, केन्द्रीय सरकार ने अपना रवैया नहीं बदला तो, कर्नाटक के हितों की रक्षा के लिए, मु.मंत्री स्वयं सड़क पर उतरेंगे।

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1 मार्च। कर्नाटक के मुख्यमंत्री एस. सिद्धारमैया भी केन्द्र सरकार और उसके विभिन्न कथित ''राज्य-विरोधी'' निर्णयों के खिलाफ आक्रामक हो गये हैं। उन्होंने परिसीमन की कवायद पर कड़ा प्रहार करते हुये कहा कि इसे दक्षिण भारतीय राज्यों पर थोपा जा रहा है। शनिवार को मुख्यमंत्री ने ''एक्स'' पर डाली अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि केन्द्र सरकार का रुख राज्य-विरोधी है तथा उसके निर्णय टैक्सों और विकास फंड्स के मामलों में कर्नाटक को उसके वाजिब हिस्से से वंचित कर रहे हैं। अगर ऐसा हुआ तो वे राज्य की जनता के अधिकारों की खातिर लड़ाई के लिए सड़कों पर उतर आयेंगे।

सिद्धारमैया ने टैक्स रेवन्यू के कर्नाटक के आधिकारिक हिस्से को और भी कम करने की केन्द्र सरकार की कोशिशों की कड़ी आलोचना की और कहा, ''अगर अपील और बातचीत निष्फल रहती हैं तो हम सड़कों पर उतरने तथा लोगों के साथ आकर लड़ने में नहीं हिचकेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा, ''यह केवल कर्नाटक विरोधी ही नहीं, बल्कि संविधान में प्रतिष्ठापित (देश के) संघीय ढाँचे पर भी सीधा हमला है।'' उन्होंने कुछ रिपोर्टों का हवाला दिया, जो यह संकेत देती हैं कि केन्द्र सरकार, वित्त आयोग के माध्यम से, कर्नाटक के हिस्से को 41 प्रतिशत से 40 प्रतिशत करने की सिफारिश कराने की तैयारी कर रही है।

सिद्धारमैया ने आरोप लगाया, ''जब से नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बने हैं, केन्द्र की नीतियाँ राज्यों के संवैधानिक अधिकारों में लगातार कटौती करती आ रही हैं तथा उन्हें कमज़ोर करती आ रही हैं।''

सिद्धारमैया ने केन्द्र की इन कोशिशों में परिसीमन की कवायद को भी जोड़ दिया तथा दक्षिण भारत में लोकसभा सदस्यों की संख्या कम करने के केन्द्र सरकार के प्रयासों की भर्त्सना की। उन्होंने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इन दावों को विश्वास के योग्य नहीं माना कि परिसीमन में दक्षिण भारत के किसी भी राज्य की एक भी सीट कम नहीं होगी।

सिद्धारमैया ने कहा कि दक्षिण भारत की सीटें तो कम होंगी ही, इसके साथ ही, उत्तरी भारत की सीटों में बड़ी मात्रा में वृद्धि भी होगी। इस प्रकार, उत्तरी भारत लोकसभा में तथा इसके फलस्वरूप, केन्द्र सरकार के निर्माण में ज्यादा ताकतवर हो जायेगा।

# प्र.मंत्री ने सूफी मुसलमानों की तरफ मित्रता का हाथ बढ़ाया

- तेरहवीं शताब्दी के जाने-माने सूफी कवि व संगीतकार अमीर खुसरो की स्मृति में मनाये जा रहे, जहान-ए-खुसरो प्रोग्राम में मोदी ने अपनी अभिभाषण में यह जताया कि सूफी दर्शन काफी कुछ ''वसुधैव कुटुम्बकम् सिद्धांत'' पर आधारित है।

-श्रीनन्द झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1 मार्च। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा भाजपा ने, पसमन्दाओं के बाद, अब सूफी मुस्लिमों तक पहुँच बनाने की योजना शुरू कर दी है। इस प्रयास का उद्देश्य भाजपा को इस रूप में स्थापित करना है कि यह पार्टी भारत के सभी वर्गों और समुदायों का प्रतिनिधित्व करती है।

नरेन्द्र मोदी सरकार के 11 वर्षों में, भाजपा ने स्वयं को बहुसंख्यक हिन्दू समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाली पार्टी के रूप में तो प्रस्तुत किया ही है, लेकिन इसके साथ ही, उसने स्वयं को मुस्लिमों सहित, अन्य समुदायों तक पहुंच रखने वाली पार्टी के रूप में भी पेश किया है। तीन तलाक जैसे निर्णयों के जरिये, भाजपा मुस्लिम महिलाओं को प्रभावित करने की कोशिश करती रही है। पसमन्दा मुस्लिमों के पक्ष में अभियान चला कर, पार्टी ने दो उद्देश्यों की पूर्ति की कोशिश की है- पहला, अभिजात्य मुस्लिमों और दलित पसमन्दाओं के बीच एक पाला खींचना, और दूसरा, यह विचार देना कि जाति व्यवस्था केवल हिन्दू समाज में ही नहीं है।

शुक्रवार को दिल्ली में ''जहाने-खुसरो'' के 25वें संस्करण को सम्बोधित करते हुये प्रधानमंत्री मोदी ने सूफी परम्परा की जबरदस्त तारीफ की। इस अवसर पर बोलते हुये उन्होंने तेरहवीं शताब्दी के कवि और संगीतज्ञ अमीर खुसरो के व्यक्तित्व और कृतित्व की भूरि-भूरि प्रशंसा की। प्रधानमंत्री ने सूफियों की बहुलवादी परम्पराओं का विशेष रूप से जिक्र किया तथा कहा कि जहाँ वे इस्लाम के अनुयायी थे, वहीं, सूफी सन्त हिन्दू देवी-देवताओं, जैसे भगवान कृष्ण, के प्रति अपूर्व श्रद्धा रखते थे। उन्होंने याद दिलाया कि जब वे गुजरात के मुख्यमंत्री थे, उन्होंने अहमदाबाद की एक सूफी मस्जिद एवं मकबरा परिसर का किस तरह से पुनरोद्धार कराया था।

उन्होंने कहा कि सूफी सन्त पवित्र कुरान तो पढ़ते ही थे, वे वेदों को भी सुनते थे। उन्होंने कहा, यह ''वसुधैव कुटुम्बकम्'' जैसी बात ही तो है।''

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने कहा, ''सूफीवाद भारतीय संस्कृति का हिस्सा है तथा यह मतान्धता का सामना तथा शान्ति को प्रोत्साहित कर सकता है। सूफीवाद का उद्देश्य मानव और ईश्वर के बीच सीधा सम्पर्क कायम करना है। ईश्वर, अल्लाह, राम, कृष्ण, ईसा या वाहे गुरू के विभिन्न रूपों में पूज्य है।''

भाजपा का सूफी-सम्पर्क 2024 के संसदीय चुनावों से पहले ही शुरू हो

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# समय पर फ्लैट नहीं देने पर 5.20 लाख रूपए का हर्जाना

- जिला उपभोक्ता आयोग द्वितीय ने सिद्धा इंफ्रा प्रोजैक्ट्स प्रा. लि. पर यह हर्जाना लगाया।

जयपुर, 1 मार्च। जिला उपभोक्ता आयोग, द्वितीय ने तय समय में फ्लैट का कब्जा नहीं देने पर बिल्डर मैसर्स सिद्धा इंफ्रा प्रोजेक्ट प्रा.लि. व अन्य पर 5.20 लाख रुपए का हर्जाना लगाया है। इसके साथ ही, आयोग ने परिवादी की ओर से जमा कराई गई राशि सहित, कुल 36.58 लाख रुपए की राशि नौ फीसदी ब्याज सहित लौटाने को कहा है। आयोग के अध्यक्ष ग्यारसी लाल मीणा और सदस्य हेमलता अग्रवाल ने यह आदेश पवन चौपड़ा व अन्य के परिवाद पर दिए।

परिवाद में कहा गया कि परिवादी ने बिल्डर सिद्धा इन्फ्रा प्रोजेक्टस प्रा. लि. के अजमेर रोड स्थित प्रोजेक्ट सिद्धा आंगन फेज़-2 में बन रहे आवासीय अपार्टमेंट मयूर योजना में एक फ्लैट खरीदा था। उसने बिल्डर के साथ 17 सितम्बर, 2018 को एक करार किया

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'आप इस स्थिति में नहीं हैं कि हमें निर्देश दे सकें'

## ट्रम्प ने धमकाते हुए ज़ैलेंस्की से कहा, और इसके थोड़ी देर बाद यूक्रेन के प्रतिनिधि मंडल को वाइट हाउस से जाने के लिए कहा गया तथा राष्ट्रपति ट्रम्प का भोज अछूता धरा का धरा रह गया

- वाइट हाउस में, अमेरिका के राष्ट्रपति के दफ्तर में, दोनों देशों के राष्ट्रपतियों के बीच बातचीत ठीक-ठाक चल रही थी, पर, उपराष्ट्रपति जे.डी. वैंस ने बीच में पूर्व राष्ट्रपति बाइडन को कोसना शुरु कर दिया और बातचीत की लय बदल सी गई और फिर स्थिति को कोई संभाल नहीं पाया।

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1 मार्च। यू.एस. प्रैसिडैंट -डॉनल्ड ट्रंप और उनके यूक्रेनी समकक्ष वोलोडिमीर ज़ैलैंस्की के बीच झड़प ऐसी घटना है, जिस पर दंतकथाएं बना करती हैं।

कई लोग जहाँ इसे यूक्रेनियन प्रैसिडैंट का मूर्खतापूर्ण व्यवहार मानेंगे, वहीं, ज़ैलैंस्की के देश के लोग इसे बहादुरी मानेंगे। इसका एक उदाहरण भारत में मिल सकता है महाराणा राणा प्रताप द्वारा मुगलों की शक्ति के खिलाफ खड़ा होना। ''जिसकी लाठी उसकी भैंस'' यह उक्ति सदा सही नहीं होती। शक्तिशाली के आगे नहीं झुकना या डेविड और गोलायथ की कहानी, कुछ ऐसी समानताएं व उदाहरण हैं, जो रुस के साथ युद्ध कर रहे ज़ैलैंस्की के देश में दी जाएंगी।

दोनों के बीच मीटिंग की शुरुआत मुस्कुराहट और हाथ मिलाने से हुई, पर मीटिंग कुछ ही मिनटों में झड़प में बदल गई, वो भी विश्व के मीडिया के सामने, जो वाइट हाउस में मौजूद था। यहां मीटिंग और उन शब्दों की एक झलक प्रस्तुत है, जो आम आदमी को घटना की वास्तविक तस्वीर उपलब्ध करा सकती हैं।

ट्रम्प ने ऊँची आवाज में ज़ैलैंस्की से कहा, आप इस स्थिति में नहीं हैं कि हमें निर्देश दे सकें। इसके बाद यूक्रेन का डैलिगेशन वाइट हाउस से चला गया।

मीटिंग सही ट्रैक पर थी, अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वैंस ने इसे उकसाया। उन्होंने रुस -यूक्रेन वॉर के समाधान के लिए कूटनीति की आवश्यकता पर जोर दिया। वैंस ने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन की आलोचना की।

एक पत्रकार के सवाल का जवाब देते हुए वैंस ने कहा, हमने जो बाइडन के रास्ते पर चलने की कोशिश की, छाती ठोक कर यह बताने का प्रयास किया कि अमेरिका के राष्ट्रपति के शब्द अमेरिका

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )



## विचार बिन्दु

प्रकृति ईश्वर का प्रकट रूप है, कला मानुष्य का। –लांगफैलो

# आयुर्वेद की वसंत ऋतुचर्या

एक महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि आयुर्वेद में ऋतुचर्या किन सिद्धांतों को ध्यान में रखकर तय की गयी होगी? लगभग 5000 साल पहले तय की गयी ऋतुचर्या क्या आज भी उपयोगी है? पहली बात यह है आयुर्वेद का लोक-पुरुष-साम्य सिद्धांत यह स्पष्ट करता है कि पुरुषलोक के समान है (च.शा.5.3:पुरुषोऽयं लोकसम्मितः) इस सिद्धांत के प्रकाश में देखने पर लोक या पृथ्वी के वातावरण का सीधा-सीधा प्रभाव मानव के स्वास्थ्य पर पड़ता है क्योंकि लोक और पुरुष में समानता (च.शा.5.3:लोकपुरुषयोः सामान्यम्) होने से सामान्य-विशेष का सिद्धांत कार्य करता है। अर्थात सामान भावों को सामान भावों से मिलाने पर उस भाव की वृद्धि और असमान भावों को मिलाने पर ह्रास होता है। सत्य बुद्धि तभी प्रकट होती है जब स्वयं के अंदर प्रकृति को व प्रकृति के अंदर स्वयं को देखा जाये (च.शा.5.7): सर्वलोकमात्मन्यात्मानं च सर्वलोके सममनुपश्यतः सत्या बुद्धिः समुत्पद्यते। यहाँ पर लोक से तात्पर्य पूरी दुनिया के वातावरण से है जिसमें छः धातुयें पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश तथा आत्मा शामिल हैं (च.शा.5.7): षड्धातुसमुदायो हि सामान्यतः सर्वलोकः। इस सूची में आत्मा का शामिल होना आश्चर्यजनक नहीं मानना चाहिये क्योंकि पौधे, प्राणी और सम्पूर्ण जीवन भी लोक में शामिल है। जिस प्रकार चंद्रमा, सूर्य, और वायु क्रम से विसर्ग, आदान, विक्षेप क्रियाओं से जगत का धारण करते हैं, ठीक उसी प्रकार सोमांश कफ, सूर्य जैसा पित्त, तथा वायु देह का धारण करते हैं (सु.सू.21.8): विसर्गोदानविक्षेपैः सोमसूर्यानिला यथा। धारयन्ति जगद्देहं कफपित्तानिलास्तथा।।

इन आयुर्वेदिक सिद्धांतों को आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखा जाये तो पर्यावरण और पारिस्थिक तंत्र के साथ मानव के रिश्तों की अनवरत सार-संभाल या अनुकूलन ही ऋतुचर्या है। इसे साधारण शब्दों में यों समझें कि यदि हवा, पानी, तापक्रम, मिट्टी, पेड़-पौधों में ऋतु के अनुसार परिवर्तन होते हैं तो हमें भी उसके अनुसार जीवन-शैली और खान-पान और पहनावे में परिवर्तन करना पड़ता है। यह परिवर्तन या अनुकूलन ही धातुसाम्य रखता है। यही अनागत रोगों का प्रतिकार या विकार-अनुत्पत्ति में सहायक है।

आयुर्वेद में वसंत ऋतुचर्या का बड़ा रोचक वर्णन है जो आधुनिक आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टि से बहुत साम्यता रखता है। वनों और उपवनों में जहां ठण्डी हवा, जल से भरे हुये तालाब, विविध प्रकार की जैव-विविधता वाले पुष्प-वृक्षों की प्रजातियाँ एवं विविध प्रजातियों के पक्षियों की कलरव ध्वनि हो, वहां समय बिताने के लिये वसन्त ऋतु सर्वोत्तम है। आधुनिक वैज्ञानिक शोध में उपवन, ग्रीन स्पेस, पार्क्स या गार्डन्स के स्वास्थोपयोगी प्रभाव पर पूरी दुनिया में बहुत शोध हुये हैं। प्राकृतिक-तन्त्रों, वनों एवं जैव विविधता क्षेत्रों में स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव पर सबसे प्राचीन निष्कर्ष चरकसंहिता, सुश्रुतसंहिता और अष्टांगहृदय में उपलब्ध हैं।

आइये चरकसंहिता में वसंत की आरोग्यदायी ऋतुचर्या का वर्णन देखते हैं: सन्दर्भ (च.सू.6.22-26): वसन्ते निचितः श्लेष्मा दिनकृद्भाभिरीरितः। कायाग्निं बाधते रोगांस्ततः प्रकुरुते बहून्।। तस्माद्वसन्ते कर्माणि वमनादीनि कारयेत्। गुर्वम्लस्निग्धमधुरं दिवास्वप्नं च वर्जयेत्।। व्यायामोद्वर्तनं धूमं कवलग्रहमञ्जनम्। सुखाम्बुना शौचविधिं शीलयेत् कुसुमागमे।। चन्दनागुरुदिग्धाङ्गो यवगोधूमभोजनः। शारभं शाशमैणेयं मांसं लावकपिञ्जलम्।। भक्षयेन्निर्गदं सीधुं पिबेन्माध्वीकमेव वा। वसन्तेऽनुभवेत् स्त्रीणां काननानां च यौवनम्।। तात्पर्य यह है किहेमन्त तथा शिशिर ऋतु में शरीर में संचित कफ, वसन्त ऋतु में सूर्य की गर्मी से कुपित होकर, जाठराग्नि को बाधित करता है। जिसके कारण कफज व्याधियां उत्पन्न हो सकती हैं। अतः कफ को निकालने के लिये वसन्त ऋतु में शिरोविरेचन, वमन, कवल-धारण आदि का प्रयोग करना स्वास्थ्य के लिये लाभकारी रहता है। इसके साथ ही उबटन, गुनगुने पानी का प्रयोग, उद्यानों एवं वनों में घूमना, पैदल चलना तथा शारीरिक व्यायाम भी बसंती-ऋतुचर्या के उपयोगी आयाम हैं। पुष्पित पल्लवित वनों में इनका अनुभव लेना चाहिये।

वसन्त ऋतु में बहुत मीठा, स्निग्ध, अम्ल, देर से पचने वाले गुरू आहार तथा दिन में सोना ठीक नहीं रहता। इसका मूल कारण यह है कि हेमन्त और शिशिर ऋतु में संचित कफ अपने आप में एक समस्या है, और यदि कफ वृद्धि करने वाले ये सभी कार्य किये जायें तो आगे चलकर बीमार होने की आशंका रहती है।

वसन्त ऋतु में खाद्य पदार्थ के रूप में सबसे उत्तम जौ, गेहूं, शहद, ईख, अंगूर आदि उत्तम हैं। आवश्यकतानुसार वैद्यों की सलाह से अंगूर या महुवा से बने हुये स्वच्छ औषधीय-आसव व अरिष्ट वसन्त ऋतु में लिये जा सकते हैं। साठी के चावल, शीत द्रव्य, मूंग, निवारी के चावल, कोदो तथा मूंग की दाल के सूप, बैंगन, पटोल आदि तिक्त रस वाले द्रव्यों का उपयोग उत्तम रहता है। वसन्त ऋतु में तीक्ष्ण, रुक्ष, कटु, क्षार, कषाय रस वाले पदार्थो में जौ, मूंग और मधु मिलाकर भोजन के रूप में लेना उपयोगी है।

वसंत ऋतु में बासंतिक वमन या वैद्य की सलाह से अगर आवश्यक हो तो पंचकर्म भी लिया जा सकता है। तमाम रोगों के विरुद्ध पंचकर्म और इसकी घटक क्रियाओं की विशाल प्रयोज्यता और उपयोगिता है। जब रोगों के उपचार या स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की बात आती है, तो आयुर्वेदिक पंचकर्म के टक्कर की और कोई विधि नहीं है।

**वसंत ऋतु में मौसमी और वायरल बीमारियों का भी प्रकोप अब प्रायः दिखाई पड़ता है। इनसे बचने के लिये वैद्यों की सलाह से हल्दी, तुलसी, आमलकी, शुंठी, कालीमिर्च, पिप्पली, लहसुन, पुदीना, त्रिकटु, त्रिफला, गुडूची, कालमेघ, चिरायता, वासा, शिठू या सहजन, यष्टिमधु, बिभीतकी, अश्वगंधा, हरीतकी, मुस्ता, पाठा, पुनर्नवा आदि युक्तिपूर्वक लिये जा सकते हैं। परन्तु ध्यान यह रखना है कि कोई भी औषधि वैद्य की सलाह के बिना नहीं लें।**

सभ्यताओं के विनाश काल में भी, अगर आदमी मौत के मुंह में जाने का काम ही न कर रहा हो, तो पंचकर्म सबसे दुरुस्त चिकित्सा है (च.वि.3.13): येषां न मृत्युसामान्यं सामान्यं न च कर्मणाम्। कर्म पञ्चविधं तेषां भेषजं परमुच्यते।। वसंत ऋतु में आप पंचकर्म या ऋतुचर्या के अनुसार कम से कम पंचकर्म का एक घटक-वमन-के प्रयोग के बारे में सोच सकते हैं। पर आपको अपने आयुर्वेदाचार्य से सलाह लेकर यह तय करना होगा कि क्या आपको सचमुच पंचकर्म की आवश्यकता है या नहीं। पंचकर्म से स्वास्थ्य को यथावत बनाये रखने और उम्र-आधारित रोग-जनन को दूर रखने में मदद मिलेगी।

पंचकर्म वैसे तो शारीरिक-मानसिक शोधन और रोग शमन दोनों में मददगार है, पर पहली बात यह है कि यदि आप बार-बार बीमार होकर दवाओं में अपना धन नष्ट नहीं करना चाहते, तो पंचकर्म उपयोगी है। बीमारी में धन की बर्बादी के साथ जो शारीरिक-मानसिक पचड़ा-परेशानी होती है वह तो अतिरिक्त है। अतः सदैव स्वस्थ बने रहने के लिये साल में एक बार पंचकर्म करना सबसे उपयुक्त है।

दूसरी बात यह है कि सघन चिकित्सा इकाई में कोई नहीं मरना चाहता। दीर्घ-काल तक, या कहिये जीवन के अंतिम दिन तक, स्वस्थ रहना है तो आयुर्वेद के रसायन बड़ी मदद करते हैं। पर बिना शोधन क्रिया कराये रसायनों को लेने का मतलब वैसा ही है जैसा पुराने कम्बल को रंगना। रसायन उम्र-आधारित रोग-जनन रोकने या दर्द-निवारण में तभी सक्षम होते हैं जब पहले शोधन कराया जाये। नियमानुसार पंचकर्म, रसायन और वाजीकर का प्रयोग करने से धातुसाम्य बना रहता है, रोग नहीं होते, धातुयें बढ़ती हैं इसलिये बूढ़े होने की गति धीमी हो जाती है (च.सू.7.48-49): यथाक्रमं यथायोग्यमत ऊर्ध्वं प्रयोजयेत्। रसायनानि सिद्धानि वृष्ययोगांश्च कालवित्।। रोगास्तथा न जायन्ते प्रकृतिस्थेषु धातुषु। धातवश्चाभिवर्धन्ते जरा मान्द्यमुपैति च।।

तीसरी बात यह है कि वैसे तो पंचकर्म की कुछ क्रियायें दिनचर्या और ऋतुचर्या का अंग हैं, पर हम प्रायः उन्हें भुला देते हैं। जीवन भगदड़ हो गया है। जीवनशैली त्रिदोष-भड़काऊ हो गयी है। प्रज्ञापराध और असात्म्येन्द्रियार्थ संयोग हमारी आदत हो गये हैं। हमारा समय त्रिदोष-भड़काऊ काल है। ऐसी स्थिति में अनेक रोगों की रोगों की शुरुआती अवस्था दिखने लगती है, तब होश आता है कि पंचकर्म तो हमारे लिये ही है।

ऋतुचर्या में पंचकर्म की क्रियायें तो उपयोगी हैं ही, पर साथ ही आयुर्वेद का सिद्धांत यह है कि बहुदोष के लक्षण दिखें तो समझिये पंचकर्म की आवश्यकता निश्चित रूप से है। तात्पर्य यह समझिये कि अपच, आहार-अरुचि, मोटापा, पांडुता, भारीपन, थकावट, पिडका कोठ और कंडू (तरह तरह की फुंसियाँ), स्तम्भ, अरति, आलस, श्रम, कमजोरी, शारीरिक दुर्गन्ध, अवसाद, कफ व पित्त का भड़कना (उत्क्लेश), नींद उड़ जाना या खूब नींद आना, तन्द्रा (उनींदापन या हमेशा औंघाते रहना), क्लैब्य, अबुद्धि की स्थिति, उल्टे-पुल्टे सपने आना, और पौष्टिक आहार लेते रहने के बावजूद बल और रंग उड़ना बहुदोष के लक्षण हैं। ऐसे लोगों के लिये पंचकर्म या संशोधन हितकारी होता है। अनुभवी और कुशल चिकित्सक रोगी के दोष स्थिति व बल को समझकर चिकित्सा की सलाह देगा व शोधन करायेगा (च.सू.16.13-16): अविपाकोऽरुचिः स्थौल्यं पाण्डुता गौरवं क्लमः। पिडकाकोठकण्डूनां सम्भवोऽरतिरेव च।। आलस्यश्रमदौर्बल्यं दौर्गन्ध्यमवसादकः। श्लेष्मपित्तसमुत्क्लेशो निद्रानाशोऽतिनिद्रता।। तन्द्रा क्लैब्यमबुद्धित्वमशस्तस्वप्नदर्शनम्। बलवर्णप्रणाशश्च तृप्यतो बृंहणैरपि।। बहुदोषस्य लिङ्गानि तस्मै संशोधनं हितम्। ऊर्ध्वं चैवानुलोमं च यथादोषं यथाबलम्।।

जैसा कि पहले भी मैंने लिखा है, जीवन और मृत्यु के मध्य सात रक्षा दीवारें हैं: आहार, विहार, सद्वृत्त, स्वस्थवृत्त, पंचकर्म, रसायन/वाजीकर, औषधि। इनमें से शुरू की छः दीवारें स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य-रक्षण में मदद करती हैं। और सभी सात दीवारें या सुरक्षा कवच मिलकर रोगी को स्वस्थ करने में मदद करती हैं। जब आहार, विहार, सद्वृत्त व स्वस्थवृत्त की सुरक्षा दीवार को ठीक से प्रतिदिन न सम्हाला गया हो तो पंचकर्म की जरूरत पड़ जाती है। इसके बाद, जीवन और मृत्यु के बीच रसायन और औषधि की दीवारें ही शेष बचती हैं।

वसंत ऋतु में मौसमी और वायरल बीमारियों का भी प्रकोप अब प्रायः दिखाई पड़ता है। इनसे बचने के लिये वैद्यों की सलाह से हल्दी, तुलसी, आमलकी, शुंठी, कालीमिर्च, पिप्पली, लहसुन, पुदीना, त्रिकटु, त्रिफला, गुडूची, कालमेघ, चिरायता, वासा, शिठू या सहजन, यष्टिमधु, बिभीतकी, अश्वगंधा, हरीतकी, मुस्ता, पाठा, पुनर्नवा आदि युक्तिपूर्वक लिये जा सकते हैं। परन्तु ध्यान यह रखना है कि कोई भी औषधि वैद्य की सलाह के बिना नहीं लें।

ऋतुचर्या पालन वस्तुतः एक आरोग्यदायी युक्ति है। इस सन्दर्भ में चरकसंहिता का एक संवाद देखिये: "भगवन्! क्या लोगों की आयु निश्चित होती है या नहीं (किन्नु खलु भगवन्! नियतकालप्रमाणमायुः सर्वं न ति।?" अग्निवेश ने पूछा। भगवानआत्रेय का उत्तर यहथा: "अग्निवेश! समस्त प्राणियों की आयु युक्ति की अपेक्षा करती है (इहाग्निवेश! भूतानामायुर्युक्तिमपेक्षते)।" यहाँसन्देश यह है कि मृत्यु की तिथि तय नहीं है। आयु युक्ति की अपेक्षा करती है। युक्ति से आप स्वस्थ रह सकते हैं। युक्ति से आपकी आयु बढ़ाई जा सकती है। युक्तिपूर्वक वसंत ऋतुचर्या का आनंद लीजिये और स्वस्थ रहिये।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**
**( इंडियन फारेस्ट सर्विस से सेवानिवृत्त, वर्तमान में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में विजिटिंग प्रोफेसर )**
**( यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं।)**

# अभद्र भाषा का व्यापार : नोटों की बरसात – सरकार बेखबर



राजेन्द्र मोहन शर्मा

हमारी सामाजिक परम्परा में गालियों का बहुत पुराना इतिहास है। ये एक जरिया भी हैं जिससे मानव मन के भीतर जमा हुआ गुस्सा, हताशा और अवसाद फूटकर बाहर निकलता है। यानि कि गालियां हमारे जीवन की 'सेफ्टी वाल्व' होती हैं, जो प्रेशर कुकर में बनी भाप को बाहर निकाल देती हैं और मानवीय धैर्य के कुकर को विस्फोट होने से बचाती हैं। कहते हैं यदि समाज से गालियां हटा दी जाएं, तो समाज बीमार हो जाएगा। कह सकते हैं कि गालियों से ही समाज में स्वस्थ्य चित्त का निर्माण होता है। फिर, गाली क्या है? कुल जमा कुछ शब्दों का जोड़ ही तो है गाली। बिजली गुल होती है, तो लोग गाली पुराण का पाठ शुरू करते हैं कि इन बिजली वालों ने फिर लाइट गायब की.. इनकी.. उनकी..! नहाते हुए अगर नल का पानी चला जाए, तो फिर गालियों का डोज़ दूनी ही तेज़ी से निकलता है। बात गाली पर हो और शर्त यह कि वह शालीनता की सीमा से बाहर न जाए, यह नट के डोर पर चलने जैसा है। गाली वैचारिक लिहाज़ से अपनी ताक़त दिखाने का ज़रिया भी है। आपका यह उद्देश्य तभी पूरा हो सकता हैं, अगर गाली सुनने वाले को बुरी भी लगे। गालियों से हमें यह भी मालूम पड़ता है कि हमारे समाज में किस चीज को बुरा माना जाता है। झगड़े की स्थिति में गाली एक रास्ता देती है। आप बजाए मारा-पीटी करने के, मुँह से कुछ कहकर अपनी नाराज़गी व्यक्त कर सकते हैं। यानि गाली लड़ाई का अहिंसक तरीक़ा भी है। अधिकतर गालियां यौन अंगों और यौन सम्बंधों से जुड़ी हुई हैं। हमारी अधिकतर गालियां स्त्रियों की बात करती हैं। यानि आप का झगड़ा किसी से भी हो, गाली में अक्सर उसकी मां या बहन को ही पुकारा जाता है। यह स्थिति हमारे समाज में महिलाओं के प्रति बीमार मानसिकता का बोध कराती है। अगर नीयत साफ़ हो, तो गालियां जीवंत संस्कृति का प्रतीक भी बनती हैं। जैसे देश में हर दस कोस पर पानी और भाषा बदल जाती है, वैसे ही गालियों का भी व्याकरण बदलता है।

पहले परंपराओं में ये गाली एक समय विशेष के खांचे में बंधी रहती थी, पर यहां तो ये सिलसिला अंतहीन हो गया। अब तो गाली शास्त्रार्थ रुकने का नाम ही नहीं लेता है। गाली पहले इन्सानी प्रवृतियों के लिए अनुमन्य थी। पर अब यह व्यक्तियों को दी जाने लगी है। वह भी सिर्फ़ उन्हें अपमानित करने के लिए।

गालियों को स्त्री विरोधी बना देना एक सामाजिक विसंगति है, जो समाज के अधोपतन के साथ प्रचलित हो गई। हम ऐसी बहुत सी गालियां बकते हैं जो स्त्री की यौनिकता पर चोट करती हैं। ये पूरी तरह से स्त्री विरोधी गालियां हैं। इसमें कोई दो राय नहीं कि गालियों का भी लिंग होता है।

गालियां समय, स्थान, व्यक्ति पर निर्भर नहीं करतीं। ऐसे-ऐसे गालीबाज देखें हैं जिनके मुंह से गाली पहले और शब्द बाद में निकलते हैं।कई लोगों के लिए यह जरूरी नहीं कि वह किसी व्यक्ति को ही गाली दें, मंदिर की सीढ़ियों पर टकराकर भी उनके मुंह से गाली निकल जाती है। वो आसमान, बरखा, बारिश तक को सूंत सकते हैं, किसी स्थान को गाली दे सकते हैं, किसी समय को गाली दे सकते हैं। ऐसी भद्दी मान्यता भी है कि जो ज्यादा गाली देते हैं वो दिल के साफ होते हैं। जो नहीं दे पाते वो अंदर-अंदर घुन्ने रहते हैं। आजकल तो गालियां भी है, स्कूल वाली, कॉलेज वाली ओटीटी पर गालियों की भरमार ने इसे अलग तरह की स्वीकृति दे दी है। तर्क भी बड़े हैं अगर जीवन में गालियां हैं तो फिल्मों में, वेब सीरीज में क्यों नहीं पोडकास्ट और मंनोरंजन के मंचों पर क्यों न हो। हमारे तो शादि विवाह से लेकर धुलण्डी को सार्वजनिक तौर पर गालियों की बौछार होती है पर लोग उसका बुरा नही मानते वो एक अवसर विशेष होता है ।

लेकिन अब वर्जनाओं वाले समाज की छटपटाहट धीरे-धीरे विस्फोटक होती हुई ओटीटी के प्लेटफॉर्म पर गालियों के साथ पूरी नग्नता परोसी कर अब सार्वजनिक मंचों से अभद्रतापूर्ण ही नहीं खुले आम अश्लील शाब्दिक आक्रमण शुरु हो गए हैं। स्टैंडअप कॉमेडियन समय रैना के शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' में जज बनकर आए रणवीर अलाहाबादिया, समय रैना और अपूर्वा ने गलियों की बोछारों के साथ सारी सीमाएं लांघते हुए माता-पिता के सैक्स सम्बन्धों और माता की यौनी जैसे मुद्दों पर भद्दे मजाक किए । जहां लोग टिकट खरीद कर इस फूहड़ता पर ठहाके भी लगा रहे थे। आज लोकप्रियता हासिल करने का सुगम तरीका है सैक्स से भरे मुद्दों को फूहड़ता से परोसो या किसी के मर्म पर या धर्म पर चोट करो।

जिन्हें नही पता उनकी जानकारी के लिए बता दूं कि रणवीर अलाहबादिया एक पोडकास्टर है। जिसने बड़े बड़े नेताओं से लेकर धर्मगुरुओं तक के साथ पॉडकास्ट किए हैं । इतना ही नही खुद मोदी जी इसे सार्वजनिक मंच से सम्मानित कर चुके है । रणवीर समय रैना और अपूर्वा मुखीजा के खिलाफ की एफआईआर दर्ज हुई और मसलना सुप्रीम कोर्ट तक जा पंहुचा। सुप्रीम की सुनवाई के समय पहली टिप्पणी–"हमें तुम्हारे मुंह में दुर्गंध आ रही है"। अभियुक्त की तरफ से खड़े युवा वकील ने कहा–"मी लार्ड, मुझे भी घिन्न आ रही है"। अब आप समझ ही गए होंगे कि मसला कितना संगीन हो चला है। गालियों के व्यापारी करोड़ों रूपया कमा रहे हैं। लाखों-करोड़ों फैन फालोवर्स हैं। यह महामारी तेजी से फ़ैल रही है।

सोचिये ऐसे लोग समाज को क्या दे रहे हैं ये कॉमेडी के नाम पर। पर सवाल यह नही है कि ऐसे भद्दे मजाक क्यों हो रहे हैं इन पर लगाम क्यों नही लग रही। श्रीमान जब हमारी कार्यपालिकाओं और विधायिकाओं में जब हमारे प्रतिनिधि सरेआम न्यूड विडियो देखते हुए कैमरों में कैद हो रहे हैं तो आम जन की कौन कहे।

हमारी सबसे बड़ी चिन्ता ये है कि नाबालिग बच्चे इन्हें सबसे ज्यादा इन्हें देखते, सुनते और इनका अनुसरण करने की कोशिश करते हैं। इसी पैनल में एक अपूर्वा मुखीजा नाम की लड़की भी जज थी जो प्रतियोगी से पूछती है कि जिस माँ के गोपनीय अंग का नाम लेकर तुम इससे बाहर आये हो बताओ उसके अलावा कभी कोई दूसरी औरत यह अंग कब देखा है। अब बताइए कॉमेडी के नाम पर मातृत्व को लेकर इतना गंदा और भद्दा। मजाक और माता पिता के रिश्तों पर असहनीय बात कौन करता है। ये कॉमेडी का वो स्तर है, जिसने सभ्यता का सम्पूर्ण स्तर गिरा दिया है। ऐसे मानसिक विकृतियों के विषाणु अब हमारी मुट्ठी में कैद हो गए हैं जिन्हें जब चाहो देखो और सुनो। यह एक ऐसा कुचक्र जिसमें ये लोग हमारी आने वाली पीढ़ी को संस्कार-विहीन करने का संकल्प ले चुके हैं। सरकार और पैरेंट्स के लिए यह एक एक अलार्म है, जो बहरों को भी सुनई दे रहा है। सम्भल जाइए, वरना हम अपने बच्चों का और अपने महान राष्ट्र का सर्वनाश अपनी आंखों से देखेंगे।

सोशल मीडिया पर इस एक मामले ने देखते ही देखते तूफान ला दिया। प्रकरण तब और पेचीदा हो जाता है जब आरोपी यूट्ययूबर को स्वयं प्रधानमंत्री मोदी अपने कर-कमलों से सम्मानित भी कर चुके हों।

बेबुनियाद हंसी के बाज़ार में एक नई चीज़ आई है डार्क ह्यूमर। उससे पहले कपिल शर्मा जैसे कॉमेडियन रोस्ट कॉमेडी लेकर आए थे। उससे भी पहले जसपाल भट्टी रोस्ट कॉमेडी का अनोखा गुदगुदाने वाला संस्करण लेकर आए और अमर हो गए।

अब रील्स का ज़माना है, सो डार्क और रोस्ट को मिलाकर एक नई कॉमेडी बनी है, जिसमें अथाह गाली-गलौच और सामान्य वर्जित विषयों पर फिसलती जुबां से हंसी परोसी जा रही है। रणवीर अलाहाबादिया, समय रैना जैसे अनेक लड़के लड़कियां डार्क ह्यूमर के नए स्तंभ बन रहे हैं। समाज की हर वर्जना, हर हद को तोड़ रहे हैं। इनकी बातों से बने गुब्बारे को इस हद तक दबाया जाता है कि थोड़ी ही देर के भीतर दबी हुई हंसी का गुब्बारे फूट पड़तें। जिसे परोसने वाला फूलकर कुप्पा हो जाता है। बदले में ढेर सारा पैसा साथ में सस्ती लोकप्रियता, एक-दो एफआईआर और नैतिकता सिखाने वाले ठेकेदारों की गालियां मुफ्त में। यह रिएक्शन घर-घर तक पहुंच रहा है। छोटे बच्चे भी इसे बेझिझक गालियां दोहरा रहे हैं। इससे समाज की कैसे ऐसी तैसी हो रही है इस पर मैं बात नहीं करूंगा। लेकिन भाषा और कंटेंट के तौर पर हम कितने बेहाल हो गए हैं यह तो साफ समझ आ रहा है। लोगों को सिर्फ अपनी भद्दी बातें कहनी है किराए के ठहाकेदारों के सामने।

जसपाल भट्टी कलजयी हैं। उनके पास अच्छी स्क्रिप्ट, बेजोड़ अभिनय और मारक संदेश था। तकरीबन एक कार्टूनिस्ट की पूरी सोच के साथ। आज यह सोच गायब है, क्योंकि हमने हंसी के नए स्त्रोत गंदगी में खोजने शुरू कर दिये हैं। हम आसानी से सस्ता कंटेंट बनाना चाहते हैं। ये क्षिणक मामला है, जिसके ज़ख्म बहुत गहरे हो चले हैं।

इस चलन की तबाही भयावह होगी, क्योंकि धर्म आधारित हमारे समाज में नैतिकता और आजादी के बीच हमेशा जंग हुई है। लेकिन इन हरकतों से अभिव्यक्ति की आजादी ही नही धर्म भी खतरे में पड़ गया है। जिस सनातनी समाज के पैंसठ करोड़ लोगों ने आस्था के नाम पर कुम्भ में गोते लगा कर नया विश्व कीर्तिमान बनाया है क्या विरोधाभास के नाम पर वे ही लोग इस गालियों के गंदे सागर में डूब कर अपनी बर्बादी पसंद करेगा।

**–राजेन्द्र मोहन शर्मा,**
**अतिथि संपादक**
**साहित्यकार, शिक्षाविद एवं चिन्तक**

## होली मिलन समारोह आज

**हिण्डौन सिटी** । राजपूत समाज का होली मिलन व सम्मान समारोह आज शहर के मेवा रोड स्थित एक निजी मैरिज होम में आयोजित किया जाएगा।

राजपूत समाज के शिशपाल सिंह जादौन, सत्यस्वरूप सिंह जादौन, नत्थू सिंह राजावत, अजय सिंह सोलंकी, कै. नरोत्तम सिंह, रामराज सिंह, उम्मेद सिंह, गणेश सिंह रामचन्द्रसिंह, नरेन्द्र सिंह जादौन एडवोकेट, पुष्पेन्द्र सिंह राजावत, सुनील सिंह जादौन नरेंद्र सिंह जादौन एडवोकेट ने जानकारी देते हुए बताया कि समाज का होली मिलन एवं सम्मान समारोह रविवार सांय 4 बजे वृंदावन रिसोर्ट महवा रोड में आयोजित किया जावेगा। इस दौरान गोवर्धन सिंह जादौन को भारतीय जनता पार्टी जिला करौली का जिलाध्यक्ष निर्वाचित किये जाने, अजयसिंह जादौन को जिलाध्यक्ष क्रिकेट संघ करौली निर्वाचित होने पर, सीमा जादौन को जिला शिक्षा अधिकारी पद पर पदोन्नत किये जाने पर एवं बाईसा धानवी सिंह पिचानोंत के राज्य स्तर पर घुडसवारी प्रतियोगिता में 2 सिल्वर व 2 कांस्य पदक प्राप्त करने पर सम्मान भी किया जावेगा।

## श्रीश्यामबाबा भजन समिति

**सीकर,** । श्रीश्यामबाबा भजन समिति की ओर से शुक्रवार को श्यामप्रभु की विशाल निशान यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से निकाली गई। श्यामभक्त रामगोपाल गोपी के सानिध्य में शाम सवा 6 बजे निशान खाटूश्यामजी पहूंच कर बाबा के चरणों में अर्पित किये गए। समिति के अध्यक्ष राजकुमार त्रिपाठी ने बताया कि श्यामभक्त भजन गायक रामगोपाल गोपी, सुनील नैनसुखा, वीरेन्द्र माथुर, दीपक पटेल, राजेश शर्मा, अदि मौजुद थे।

## 'सभी का सम्मान करना चाहिए'

**भरतपुर** (निस)। कृषि महाविद्यालय भुसावर पर शनिवार को शून्य भेदभाव दिवस के उपलक्ष्य में बिचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के डीन डॉ उदय भान सिंह ने कहा कि धर्म, जाति, लिंग, क्षेत्र, बीमारी, शारीरिक विकलांगता, पहनावा, रंग आदि के आधार पर मानव से मानव में भेदभाव करना गलत है। कुछ लोग या जातियॉ अपना प्रभुत्व कायम करने अथवा राजनैतिक लाभ लेने के लिए भेदभाव पैदा करते हैं। हमें हर मानव चाहे वह मजदूर, महिला या फिर विश्व में कही भी निवास करता हो, सभी का सम्मान करना चाहिए। डॉ विकास कुमार आर्य ने कहा कि कई व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह अन्य व्यक्ति को अशुभ मानते है, कई औरतो को डायन बताकर उसे प्रताड़ित किया जाता है। ऐसा करना कानूनी अपराध व वैज्ञानिक सोच के विरूद्ध है। डॉ शंकर लाल यादव ने कहा कि सामाजिक या कानूनी रूप से स्वीकृत कोई भी कार्य छोटा या बडा नही होता, हमें सभी तरह के कार्य करने वाले व्यक्तियों का समान रूप से सम्मान करना चाहिए।

# राजस्थान हाईकोर्ट का आदेश कार्मिक को एपीओ करने का कारण भी लिखित में बताना होगा

**जोधपुर,** (कासं) । राजस्थान हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि एपीओ आदेश केवल राजस्थान सेवा नियमो में उल्लेखित आकस्मिक कारणों या समान कारणों में ही पारित किया जा सकेगा। कार्मिक को एपीओ करने का कारण भी लिखित में बताना जरूरी होगा, अन्यथा आदेश विधि विरुद्ध होगा। मामले में अधिवक्ता यशपाल ख़िलेरी ने याचिकाकर्ता डॉ. दिलीप सिंह चौधरी, डॉ. मांगीलाल सोनी, लक्ष्मीनारायन कुम्हार सहित अन्य की ओर से पैरवी की। राजस्थान हाइकोर्ट के न्यायाधीश अरुण मोंगा की एकलपीठ से राहत मिली।

भोपालगढ़, ज़िला जोधपुर के ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी याचिकाकर्ता डॉ दिलीप सिंह चौधरी की ओर से अधिवक्ता यशपाल ख़िलेरी ने रिट याचिका दायर कर बताया कि याचिकाकर्ता वर्ष 2015 से चिकित्सा अधिकारी पद पर नियुक्त होकर छह साल की आवश्यक संतोषजनक सेवा पूर्ण करने के बाद उसे वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी पद पर नियुक्त करते हुए बीसीएमओ, भोपालगढ़ के पद पर नियमानुसार नियुक्त किया गया। लेकिन तीन साल की सेवावधि वाले जूनियर अयोग्य चिकित्सक को उक्त वरिष्ठ पद पर नियुक्त करने की एक मात्र मंशा से याचिकाकर्ता को आदेश दिनाँक 19 फ़रवरी 2024 से एपीओ कर दिया गया, जिसे रिट याचिका दायर कर चुनोती दी गई।

सभी समान एपीओ आदेशो को चुनोती वाली रिट याचिकाओं की प्रारंभिक सुनवाई पर हाइकोर्ट की एकलपीठ ने एपीओ आदेश पर अलग अलग स्थगन आदेश जारी करते हुए राज्य सरकार को जवाब तलब किया था। राज्य सरकार की ओर से जवाब पेश कर जाहिर किया गया कि एपीओ आदेश प्रशासनिक आवश्यकता व जनहित को देखते हुए किया गया, जो राजस्थान सेवा नियम के नियम 25 क के अनुसार सही जारी किया गया है।

सभी 56 रिट याचिकाओ की अंतिम सुनवाई करने के बाद और पूर्व न्यायिक निर्णयों डॉ सुकुमार कश्यप बनाम राजस्थान राज्य और डॉ महेश कुमार पंवार बनाम राजस्थान सरकार निर्णयों से सहमत होते हुए और राजस्थान सेवा नियम 1951 के प्रावधानों का विस्तृत विवेचन करते हुए राजस्थान हाइकोर्ट एकलपीठ ने समस्त एपीओ आदेशों को निरस्त करते हुए भविष्य में एपीओ आदेश जारी करने के लिए विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए, जिसमे एपीओ आदेश का उद्देश्य व औचित्य, एपीओ आदेश जारी करने की शर्तें, सीमाएं व प्रतिबन्ध, तथा प्रशासनिक जवाबदेही के सम्बन्ध आवश्यक निर्देश प्रतिपादित किये गए। साथ ही राज्य के मुख्य सचिव को इस सम्बन्ध में प्रशासनिक निर्देश जारी करने को भी आदेशित किया ताकि भविष्य में एपीओ आदेश जारी करते समय इन दिशानिर्देशों की अक्षरशः पालना हो सकें। एकलपीठ ने एपीओ मामलों में यह महत्वपूर्ण व्यवस्था दी कि एपीओ आदेश को स्थानान्तरण आदेश के विकल्प के रूप में जारी नही किया जा सकता है और न ही किसी कार्मिक को दंड देने अथवा अनुशासनात्मक कार्यवाही के विकल्प के रूप में या उससे बचने के पर्याय के रूप में पारित किया जा सकता है। साथ ही एपीओ आदेश राजस्थान सेवा नियम में उल्लेखित सात परिस्थितियों अथवा उसके ही समान परिस्थितियों में ही जारी किया जा सकता है लेकिन उन परिस्थितियों को संबंधित कार्मिक को लिखित में बताना आवश्यक होगा। एपीओ आदेश 30 दिन से अधिक जारी नही रखा जा सकता है बशर्ते वित्त विभाग द्वारा वैद्य औचित्य के साथ इसे अनुमोदित नही किया जाए।

## राशिफल रविवार 2 मार्च, 2025



पंडित अनिल शर्मा


फाल्गुन मास, शुक्ल पक्ष, तृतीया तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2081, उत्तरा भाद्रपद नक्षत्र प्रातः 8:59 तक, शुभ योग दिन 12:39 तक, तैतिल करण दिन 10:36 तक, चन्द्रमा सोमवार प्रातः 6:39 से मेष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-कुम्भ, चन्द्रमा-मीन, मंगल-मिथुन, बुध-मीन, गुरू-वृष, शुक्र-मीन, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज राजयोग सूर्योदय से प्रातः 8:59 तक है। सर्वार्थ सिद्धि योग सूर्योदय से 8:59 तक बना रहेगा। रवियोग सूर्योदय से आरम्भ होगा। आज शुक्र वक्री प्रातः 6:08 पर होगा। आज पंचक है।


**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 8:20 से 9:46 तक, लाभ-अमृत 9:46 से 12:39 तक, शुभ 2:05 से 3:32 तक।

**राहूकाल:** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 6:54, सूर्यास्त 6:24




**मेष**

मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनःस्थिति में सुधार होगा। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




**वृष**

आज मित्रों/रिश्तेदारों के कारण समय खराब हो सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा। आज घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।




**मिथुन**

आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आवश्यक कार्य के कारण बाहर जाना पड़ सकता है। परिवार में धार्मिक कार्यों पर धन खर्च हो सकता है।




**कर्क**

अपने अति और महत्वपूर्ण आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।




**सिंह**

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।




**कन्या**

अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आज आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। स्वास्थ्य संबंधित मामलों में परेशानी हो सकती है।




**तुला**

परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।




**वृश्चिक**

घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आज विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।




**धनु**

घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं। आज नये-पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है।




**मकर**

घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।



**कुंभ**

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। आज परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।



**मीन**

आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी।

## सार-समाचार

### चांद रात पर उमड़े जायरीन

**कपासन, (निसं)।** प्रख्यात सूफी संत हज़रत दीवाना शाह साहब र.अ. की दरगाह शरीफ पर रमज़ान माह की चाँद रात पर जायरीन उमड़े। दरगाह वक्फ कमेटी के सैक्रेट्री मोहम्मद यासीन खाँ अशरफी के अनुसार शनिवार को दिन-भर आशिके दीवाना का आना-जाना लगा रहा। आस्ताना ऐ आलिया मे स्थित मुख्य मज़ार पर चादर, फूल, अगरबत्ती, इत्र पेश करने के लिये लम्बी-लम्बी कतारे लगी। आहाता ए नूर मे महफिले मीलाद व महफिले समा का प्रोग्राम दिन-भर चलता रहा, मेला ग्राऊण्ड में 300 से उपर अस्थाई दुकाने लगी। 30 सिक्यूरिटी गार्ड लगाए गए। दरगाह की औलिया मस्जिद मे हाफिज शाकीर कादरी की ईमामत मे तराविह की नमाज अदा की जाएगी। दरगाह वक्फ कमेटी की जानिब से छाया-पानी का माकूल इंतजाम किया गया। चिराग बत्ती के समय मुल्क मे अमनो सुकून की दुआ की तो आमीन-आमीन की सदा से दरगाह परिसर गूंज उठा।

### किसानों ने फसल कटाई से पहले की पूजा

**कपासन, (निसं)।** मेवाड़ के प्रसिद्ध शनि धाम श्री शनि महाराज आली में शनिवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। सुबह से ही दर्शन के लिए लंबी कतारें लग गईं। तीर्थ स्थल प्रबंध कार्यकारिणी कमेटी के सचिव कालू सिंह ने बताया कि दर्शनार्थियों का आना सुबह से लगातार जारी रहा। दोपहर में महा आरती के समय मंदिर परिसर में विशेष भीड़ देखी गई। नवग्रह मंदिर और तेल कुंड पर भी श्रद्धालुओं की अच्छी संख्या रही।श्रद्धालुओं ने शनिदेव को तेल और फूल माला अर्पित किए। साथ ही काला दान भी किया। क्षेत्र में इस समय अधिकांश फसलें पक चुकी हैं। कई किसान फसल कटाई से पहले अच्छी उपज की कामना लेकर मंदिर पहुंचे।श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए कमेटी ने सुरक्षा और पेयजल की विशेष व्यवस्था की है।

### वरिष्ठ नागरिक मंच की बैठक

**मंडफिया, (निसं)।** मंडफिया में वरिष्ठ नागरिक मंच की बैठक यशोदा विहार धर्मशाला के सामने के चौक में भगवान लाल सोनी की अध्यक्षता एवं लक्ष्मी लाल दाधीच के मुख्य आतिथ्य तथा सत्यनारायण शर्मा ,मनोहर लाल गदिया, रोड़ू लाल टेलर, सूरजमल कोठारी ,राधे श्याम कौशल, आजाद मोहम्मद एवं राधेश्याम पामेचा के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित हुई। बैठक में गोकुल लाल बागोरिया ने मंच का संचालन करते हुए सुखमय वृद्धावस्था के बारे में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार एवं अपने जीवन के अनुभव पर मुख्य अतिथि लक्ष्मी लाल दाधीच , विशिष्ट अतिथि सत्यनारायण शर्मा , रोड़ूलाल टेलर, आजाद मोहम्मद , राधेश्याम कौशल एवं मनोहर लाल गदिया ने अपने विचार व्यक्त किये। अंत में संचालक गोकुल लाल बागोरिया ने सांवलिया जी के वरिष्ठ नागरिकों द्वारा मंदिर मंडल के विभिन्न कार्यों एवं यात्रियों तथा ग्राम वासियों को सुविधाएँ उपलब्ध कराने हेतु 34 सुझावों पर चर्चा की एवं श्री सांवलिया जी मंदिर मंडल को सुझाव पत्र प्रेषित करने का निर्णय लिया।

### किसान की मौत, पुलिस जांच में जुटी

**डूंगरपुर।** जिले के रामसागडा थाना क्षेत्र के डाकन मारिया गांव में खेत पर काम करते समय काम कर रहे किसान की अचानक तबीयत बिगडने से मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। वहीं मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रामसागडा थाने के हेड कॉनि.ने बताया कि डाकन मारिया निवासी गोविन्द पुत्र हरीश खराडी अपने खेत पर काम कर रहा था। इस दौरान अचानक उसकी तबीयत बिगड गई। उसे जी घबराने की शिकायत होने लगी। जिस पर परिजन उसे लेकर गैंजी अस्पताल पहुंचे। जहां से उसे डूंगरपुर जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया सूचना पर पुलिस जिला अस्पताल पहुंची और शव को डूंगरपुर जिला अस्पताल की मोर्चरी में शिफ्ट करवाया। शनिवार को पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### टूटी हुई पाईप लाईन से व्यर्थ भर रहा पानी

**डूंगरपुर।** शिवाजी नगर के रामदेव चौक सेक्टर नंबर-3 में पिछले दिनों ठेकेदार द्वारा नई पाईप लाईन डाली गई। खुदाई में पुरानी पाईप लाईन स्वस्तिक केबल के पास तथा यादव निवास मकान नंबर 3/74 के पास क्षतिग्रस्त होने से पिछले कई दिनों से व्यर्थ में पानी बह रहा है। मोहल्ले वासियों ने बताया कि नलों में पानी सप्लाई एक दिन छोडकर की जा रही है उसमें भी पाइप क्षतिग्रस्त होने से नलों में कम दबाव से पानी आ रहा है एवं पानी के साथ मिट्टी बहकर पुरे चौक तथा सडकों पर आने से कीचड हो रहा है जिससे वाहन दुर्घटना भी बनी रहती है। अति शीघ्र संबंधित ठेकेदार से पाईप लाईन दुरस्त करवाने का मोहल्ले वासियों ने आग्रह किया है जिससे पानी सप्लाई में राहत प्राप्त हो सके।

### पवित्र रमजान माह का आगाज

**डूंगरपुर।** पवित्र माह रमजान का शनिवार देर शाम को चांद के दिदार के साथ ही आतिशी अंदाज में स्वागत किया तथा एक दूसरे को रमजान माह के आरंभ की बधाई दी। रमजान माह के तहत एक माह तक धर्म प्रेमी रोजे रखकर मस्जिदों में इबादत करेंगे। जिसको लेकर शहर के घाटी स्थित मदिना मस्जिद, लालपुरा स्थित जामा मस्जिद, फराशवाडा स्थित शेख साहेबान की मस्जिद, नवाडेरा, शास्त्री कॉलोनी आदि मस्जिदों पर आकर्षक रोशनी की गई। पहली तराबी शनिवार रात को अदा की गई तथा पहला रोजा रविवार से शुरू होगा। जिसको लेकर धर्म प्रेमियो ने शनिवार देर शाम को व्यापक खरीददारी एवं तैयारियों को अन्तिम रूप दिया गया।

### अवैध शराब से भरी कार जब्त

**उदयपुर,।** बैकरिया थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान अवैध शराब से भरी कार जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक राजेन्द्रसिंह राठौड़ के सुपरविजन में बैकरिया थानाधिकारी उत्तमसिंह के नेतृत्व में एएसआई अमरसिंह मय टीम ने शराब तस्करों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए थाने के सामने हाइवे पर नकाबांदी की।

# विधायक दीप्ति ने मुख्यमंत्री जन आवास योजना का किया निरीक्षण

**राजसमंद, (निसं)।** विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने शनिवार को राजनगर में निर्माणाधीन मुख्यमंत्री जन आवास योजना में भवन परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पेयजल, विद्युत एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं की समीक्षा की और उनके शीघ्र समाधान के लिए संबंधित उच्च अधिकारियों को निर्देशित किया।

विधायक ने आवंटन प्रक्रिया को अति शीघ्र पूरा करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह योजना निम्न एवं मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए आवास समस्या के समाधान की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से सैंकडो परिवारों को सुरक्षित एवं सुलभ आवास उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार होगा। विधायक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूरे किए जाएंए ताकि लाभार्थियों को शीघ्रातिशीघ्र योजना का लाभ मिल सकें। इस दौरान नगर परिषद आयुक्त बृजेश रॉय, सभापति अशोक टांक, पूर्व सभापति सुरेश पालीवाल सहित अन्य कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने राजस्थान सरकार के जल संसाधन मंत्री सुरेशसिंह रावत से शिष्टाचार भेंट कर खारी फीडर नहर के चौडीकरण के लिए टेण्डर प्रक्रिया पूर्ण होने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं जल संसाधन मंत्री का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने सरकार के इस निर्णय को किसानों के लिए महत्वपूर्ण एवं दूरगामी हित में बताया। विधायक ने जल संसाधन मंत्री को विधानसभा क्षेत्र में कृषि भूमि की सिंचाई की समस्याओं से अवगत कराते हुए राजसमंद झील की दायीं एवं बायीं नहर की मरम्मत के लिए आवश्यक कार्यवाही के लिए एक आधिकारिक पत्र सौंपा। उन्होंने आग्रह किया कि नहरों की मरम्मत से क्षेत्र के किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध हो सकेंगा, जिससे कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी। इसके अतिरिक्त बैठक में राजसमंद झील की नहर प्रणाली के पुनर्निर्माण, डिग्गियों का निर्माण कर पंप लगाने एवं पाइपलाइन से सूक्ष्म सिंचाई पद्धति में परिवर्तन करने पर भी विस्तार से चर्चा हुई। विधायक दीप्ति ने इस प्रणाली को जल प्रबंधन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए इसके शीघ्र क्रियान्वयन की आवश्यकता पर बल दिया। जल संसाधन मंत्री ने विधायक दीप्ति माहेश्वरी को आश्वस्त किया कि इन विषयों पर प्राथमिकता से कार्यवाही की जाएगी और किसानों को अधिकाधिक लाभ पहुंचाने के लिए योजनाओं को शीघ्र लागू किया जाएगा।



राजनगर में निर्माणाधीन मुख्यमंत्री जन आवास योजना में भवन परिसर का निरीक्षण करती।

# महिला का शव मिला

- हत्या की आशंका, परिजनों ने की आगजनी
- दो मकान जल कर नष्ट हुए, मामला दर्ज

**उदयपुर, (कासं)।** वल्लभनगर कस्बे के रूण्डेडा गांव निवासी महिला का शव चित्तोड़गढ़ हाईवे पर मिला। इसकी सूचना मिलने पर मृतका के परिजनों ने हत्या करने वाले संभावित आरोपियों के खेरोदा कस्बे में स्थित मकानों पर हमला कर आगजनी कर दी। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर हालत पर काबू आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया।

प्रकरण के अनुसार27 फरवरी को रूण्डेडा थाना वल्लभनगर निवासी मीना बाई पत्नी हुकमी चंद मेनारिया को उसका धर्म भाई रमेश पुत्र बाबुलाल गाडोलिया लौहार निवासी गाडोलिया बस्ती वाना थाना खैरोदा अपने साथ पशुओं का व्यापार करने के लिए भदेसर थाना क्षेत्र चित्तोडगढ लेकर गया था। जहां मीना बाई की लाश मिली । जिसकी हत्या के संदेह में उक्त रमेश लौहार को भदेसर पुलिस डिटेन कर ले गई। इसको लेकर परिजनों ने मीना की गुमशुदगी वल्लभनगर पुलिस थाने में 28 फरवरी को दर्ज करवाई थी। 1 मार्च को भदेसर थाना क्षेत्र पुलिस थाना मीना बाई का शव परिजनों को सौंपा था। इसकी सूचना मिलने पर मृतका के परिजनों द्वारा रमेश गाडोलिया लौहार के परिजनों पर हमला करने की आशंका के चलते खेरोदा थानाधिकारी सुरेश विश्नोई मय टीम ने मौके पर पहुंच कर उच्चाधिकारियों को घटना की जानकारी दी। जहां रूण्डेडा में मृतका का अंतिम संस्कार करवाया तथा रमेश के परिजनों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। मीना का अंतिम संस्कार होने पर समाज जन विसर्जित हो गए। करीब डेढ घंटे बाद मैनार, खरसाण, बांसडा व रूण्डेडा से करीब हजार बारह सौ लोगों ने संदिग्ध रमेश के बांसड़ा रोड़, वाना स्थित मकान व उसके रिश्तेदारों के घरों के पास पहुंचे। इस दौरान समझाईश करने के बावजूद कुछ व्यक्तियों ने रमेश के दो मंजिला मकान के नीचे का हिस्सा तथा केवल पुत्र देवीलाल के घर पर बना पशुओं के बाडे में आगजनी कर दी। जिससे उसकी बाइक व घरेलु सामान जल कर नष्ट होगया। इसको देख हल्का बल प्रयोग करने के बावजूद हमलावर आगजनी कर दी। पुलिस सूझ बूझ के चलते कोई जन हानी नहीं हुई। इधर इस मामले में थानाधिकारी सुरेश विश्नोई ने रमेश व केवल के मकान में आगजनी करने के मामले में आरोपी राजकुमार उर्फ राजु मेनारिया दिलिप मैनारिया , भंवर मैनारिया, सुमित मैनारिया निवासी रूण्डेडा के रूप में पहचान कर इनके साथी करीब 20-25 लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की।

## अवैध पिस्टल सहित हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**उदयपुर,।** डीएसटी टीम एवं सूरजपोल थाना पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए हिस्ट्रीशिटर को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से देशी पिस्टल बरामद की। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक छगनपुरोहित के सुपरविजन में डीएसटी टीम प्रभारी श्यामसिंह रत्नू, सूरजपोल थानाधिकारी रतनसिंह चौहान के नेतृत्व में गठित दल ने आ सूचना के सहयोग से मिली जानकारी के अनुसार कबिस्तान के पास रेल्वे कॉलोनी से जावेद खान उर्फ लाला पुत्र मुन्ना खान निवासी दिवानशाह कॉलोनी पटेल सर्कल सूरजपोल को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से एक देशी लोडेड पिस्टल मय तीन जिंदा कारतूस बरामद कर प्रकरण दर्ज किया।

## चोरी किया वाहन बरामद

**उदयपुर,।** झाड़ोल थाना पुलिस ने वाहन चोरी के आरोपी की निशान देही से चोरी किया जीप वाहन जब्त किया। प्रकरण के अनुसार 26 फरवरी को विजेन्द्र पुत्र नाथूलाल गरासिया निवासी वाड़ा पहाड़ा ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी। जिसमें उसने बताया कि नयन कलाल पुत्र रामलाल की जीप लेकर उसके परिवार को कमलनाथ महादेव दर्शन करवाने ले गया। जहां पार्किंग में वाहन खड़ा कर सभी दर्शन करने गए। वापस लौटते तो जीप मौके पर नहीं मिली। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक नेत्रपालसिंह के सुपरविजन में झाड़ोल थानाधिकारी फैलीराम के नेतृत्व में गठित दल ने आरोपी शांतिलाल पुत्र प्रभूलाल निवासी दमाणा झाड़ोल को गिरफ्तार कर इसकी निशान देही से चोरी किया जीप वाहन जब्त किया।

# अपहरण के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** खेरवाड़ा थाना पुलिस ने किन्नर का अपहरण करने की वारदात का खुलासा करते हुए इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिनमें से एक आरोपी तीन जिलों की पुलिस का वांछित है।

प्रकरण के अनुसार ीडित जोयाखान पुत्र अहमद अली निवासी मुखर्जी चौक चुडिघरों का मोहल्ला उदयपुर हाल अजमेरी मोहल्ला खेरवाड़ा ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी। जिसमें उसने बताया कि मैं किन्नर समाज से हूं। मै व हमारे गुरू भॅवरीबाई अमजेरी मोहल्ला खेरवाड़ा में रहते है। हमारा खाना महेन्द्र उर्फ मनीषा पुत्र भवर लाल निवासी बलीचा उदयपुर बनाता है। हमारे किन्नर समाज में अंजली उर्फ शांतिलाल पुत्र बाबुलाल फनात निवासी मालवड़ा थाना सदर डूंगरपुर भी रहती है। परन्तु अंजली व गुरूजी के बीच मनमुटाव चल रहा है। जिसके चलते भवरीबाई ने अंजली को हमारे किन्नर समाज से निकाल दिया था।

28 फरवरी 25 को मैं व मेरी साथी काजल तथा महेन्द्र उर्फ मनीषा भवरी बाई के मकान केअन्दर थे। इस दौरान सवेरे अंजली उर्फ शांतिलाल पुत्र बाबुलाल व उसकी पत्नी सोनिया फलात, रमिला पत्नीलक्ष्मण, मंजुबाई एवं सजु बाबा कार लेकर आए व घर में घुस कर महेन्द्र उर्फ मनीषा का अपहरण कर ले गए। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल केनिर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक राजीव राहर के सुपरविजन में आईसी खेरवाड़ा थाना दिग्विजयसिंह के नेतृत्व में एएसआई राकेश मेहता मय टीम ने मामले में मिले साक्ष्यों के आधार पर वारदात के तीन घंटे बाद आरोपी रमीला पत्नी लक्ष्मण निवासी कारछा थाना खेरवाड़ा, सोनिया पत्नी शांतिलाल उर्फ अंजली फनात निवासी पालवड़ा झावरमाता डूंगरपुर तथा अंजली उर्फ शांतिलाल पुत्री बाबुलाल फनात निवासी पालवड़ा थाना सदर डूंगरपुर को गिरफ्तार किया। आरोपियो में से एक ट्रांस्जेण्डर आरोपी अंजली उर्फ शांतिलाल तीन जिलों सलूम्बर, उदयपुर एवं डूंगरपुर में वाछित चल रहा है। पूर्व में उसके खिलाफ तंत्र-मंत्र के नाम पर लोगों से सोना हडपकर फरार होना सामने आया है।

## सार-समाचार

### मांस की बिक्री पर रोक लगाने की मांग

**उदयपुर, (कासं)।** नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड ने राजस्थान विधानसभा में नाथद्वारा नगरपालिका क्षेत्र में मदिरा और मांस की बिक्री पर रोक लगाने की जनभावना को उठाते हुए एक पत्र लिखा। उन्होंने इस विषय को विधानसभा में प्रस्तुत करने की मांग की है। पत्र में विधायक ने ऐतिहासिक संदर्भ देते हुए बताया कि 17 वीं शताब्दी में जब श्रीनाथजी की मूर्ति को औरंगजेब के सैनिकों से बचाने के लिए मथुरा से मेवाड लाया गया,तब महाराणा राजसिंह ने मूर्ति को सुरक्षित रखने का आश्वासन दिया।आज 350 वर्षो के बाद वही मूर्ति और नाथद्वारा आस्था का प्रमुख केंद्र बन चुका हैं। राज्य सरकार मंदिरों और पर्यटन स्थलों के रखरखाव और तीर्थ यात्रियों की सुविधाओं पर ध्यान दे रही है, लेकिन यह केवल ढाँचों और बनावट तक सीमित नहीं होना चाहिए। धार्मिक स्थलों का वातावरण और उससे उत्पन्न भावनाएं भी महत्वपूर्ण हैं। पहचान को बनाए रखने से ही वातावरण संरक्षित रहता है,जबकि बदलाव से आस्था पर प्रभाव पडता है। उदयपुर इसका उदाहरण है, जो कभी अपने इतिहास और पर्यावरण के लिए प्रसिद्ध था, लेकिन आज वह फिल्मी शादियों का प्रमुख स्थल बन गया है। पर्यावरण और सांस्कृतिक मूल्यों के नुकसान से हमें सीख लेनी चाहिए। नाथद्वारा की पहचान श्रीनाथजी और उनसे जुडी प्रथाओं से बनी है। यह आवश्यक है कि हम 350 वर्ष पहले किए गए संघर्ष और जनभावनाओं का सम्मान करें, अन्यथा नाथद्वारा की पहचान में एक फीकापन आ सकता है। इतिहासए नागरिकों और देश विदेश से आने वाले तीर्थ यात्रियों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए श्रीनाथजी से जुडी परंपराओं को कायम रखना आवश्यक है। इस संदर्भ में नाथद्वारा नगरपालिका क्षेत्र है। यह आवश्यक है कि हम 350 वर्ष पहले किए गए संघर्ष और जनभावनाओं का सम्मान करें, अन्यथा नाथद्वारा की पहचान में एक फीकापन आ सकता है। उन्होंने लिखा कि इतिहास, नागरिकों और देश विदेश से आने वाले तीर्थ यात्रियों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए श्रीनाथजी से जुडी परंपराओं को कायम रखना आवश्यक है। इस संदर्भ में नाथद्वारा नगरपालिका क्षेत्र में मदिरा और मांस की बिक्री पर रोक लगाना एक सही और सराहनीय कदम होगा।

### गीतांजली सिनेप्स-2025 का समापन

**उदयपुर, (कासं)।** गीतांजली यूनिवर्सिटी में आयोजित सिनेप्स-2025 का समापन भव्य तरीके से हुआ। कल्चरल फेस्ट के दौरान मेडिकल, पैरामेडिकल, फार्मेसी, डेंटल, फिजियोथेरेपी और नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों ने जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम में विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक और खेलकूद गतिविधियों का आयोजन किया गयासुप्रसिद्ध बॉलीवुड गायिका सुनिधि चौहान ने शिरकत की। गीतांजली ग्रुप के चेयरमैन जे.पी. अग्रवाल, वाइस चेयरमैन कपिल अग्रवाल, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अंकित अग्रवाल, यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ. राकेश व्यास और रजिस्ट्रार मयूर रावल ने उनका भव्य स्वागत और सम्मान किया । सुनिधि चौहान के लाइव कॉन्सर्ट ने पूरे फेस्ट को यादगार बना दिया। जैसे ही सुनिधि चौहान मंच पर आईं, पूरा प्रांगण उनके नाम से गूँज उठा। उन्होंने अपने ऊर्जावान प्रदर्शन से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके लोकप्रिय गाने आँख, कमली, शीला की जवानी, क्रेजी किया रे , ये जो हल्का हल्का सुरूर ,देसी गर्ल, आजा सामा, सजना जी वारी वारी जाऊं आदि पर उपस्थित दर्शक झूम उठे।

### यूडीए ने रुकवाया अवैध निर्माण

**उदयपुर, ।** उदयपुर विकास प्राधिकरण इन दिनो लगातार अवैध रूप से निर्माण करने वाले लोगों के खिलाफ कार्यवाही कर रहा है। शनिवार को छुट्टी होने के बावजूद उदयपुर विकास प्राधिकरण ने एक बडी कार्यवाही को अंजाम दिया और अवैध रूप से बन रहे बहुमंजिला भवन को सीज किया। उदयपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त राहुल जैन के निर्देश पर तहसीलदार डॉ. अभिनव शर्मा के नेतृत्व में कार्यवाही को अंजाम दिया। डॉ. अभिनव शर्मा ने बताया कि सज्जनगढ बायोलॉजिकल पार्क के इको क्षेत्र में भवन बनाने की सूचना मिली। इस सूचना पर इको सेंसेटिव जोन सीसारमा में टीम पहुंची तो वहां पर धडल्ले से निर्माण किया जा रहा था। इस पर अभिनव शर्मा ने बहुमंजिला भवन को सीज करने के आदेश किए। इस दौरान यूडीए के पटवारी सूरपाल सिंह सोलंकी, दीपक जोशी सहित होमगार्ड मौजूद रहे। इससे पहले भी यूडीए के टीम ने कार्यवाही करते हुए अवैध रूप से हो रहे निर्माण कार्य को रूकवाया है इसके बावजूद निर्माण कार्य नहीं रूक रहे है।

### वॉलीबॉल प्रतियोगिता 4 मार्च से

**डूंगरपुर।** पटेल पाटीदार डांगी समाज की डूंगरपुर जिला मुख्यालय पर वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 4 मार्च से होगा। प्रतियोगिता में सभी पटेल पाटीदार डांगी समाज की 64 टीम भाग लेंगी। आयोजन कमेटी के महेंद्र डांगी ने कहा कि वॉलीबॉल प्रतियोगिता की तैयारियां की जा रही है। विजेता टीम को 15 हजार नगद पुरस्कार दिया जाएगा। इस प्रतियोगिता के माध्यम से वॉलीबॉल से जुडी प्रतिभाओं को आगे आने के मौके मिलेंगे।


**कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द ( राज. )**

Email: np_ntd@yahoo.in Ph. 02953-233526

क्रमांक /न.पा.नाथ./नामा./2025/17662 दिनांक : 28.02.2025

**- : आपत्ती सूचना :-**

एतर्थ द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुद्धा/पट्टाशुद्धा के आधार पर भूखण्डों का नामान्तरण/नामहस्तान्तरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो सात दिवस (कार्य दिवस) में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ती प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणो में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम व पता | आवेदित सम्पत्ति का पता | पड़ौस का विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
| 1. | श्री राजेश कुमार सोनी पिता श्री भेरू लाल सोनी एवं श्रीमती पुजा स्वर्णकार पत्नि राजेश कुमार, लाल बाग, नाथद्वारा | भूखण्ड संख्या-14 क्षेत्रफल-780 वर्गफिट, श्री वल्लभ विहार कॉलोनी कोठारिया रोड़ लाल बाग, नाथद्वारा | अन्य भूमि | आम रास्ता 30 फीट | भूखण्ड संख्या-13 | भूखण्ड संख्या-15 |

आयुक्त, नगरपालिका नाथद्वारा


## सांसद ने घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया

**उदयपुर,।** सांसद मन्नालाल रावत ने शनिवार रात को मानवता का परिचय देते हुए ओडा मार्ग पर सडक पर घायल पडे एक युवक को हॉस्पीटल पहुंचाया और उसके उपचार के संबंध में डॉक्टरों से चर्चा कर दिशा निर्देश दिए। सांसद मन्नालाल रावत शनिवार को बांसवाडा जिले के दौरे पर थे। रात को वे उदयपुर लौट रहे थे तब ओडा पुलिया के पास एक युवक घायल अवस्था में पडा था। उसके साथ युवक भी था जो मदद के लिए वाहनों को रोकने का इशारा कर रहा था, लेकिन कोई भी चालक वाहन नहीं रोक रहा था। उसी दौरान सांसद मन्नालाल रावत भी उधर से गुजर रहे थे। युवक को देखकर उन्होंने चालक को गाडी रोकने को कहा। नीचे उतर युवक से पूछा तो उसने बताया कि कोई अज्ञात कार बाइक को टक्कर मार चली गई। दो जनों में से लालचंद पुत्र पांचालाल मीणा निवासी कातडीफला देवपुरा घायल था जिसके पैर और हाथों पर गंभीर चोंटे आई हुई थी। इस पर सांसद मन्नालाल रावत ने अपने गार्ड की मदद से उसे अपने वाहन में बिठाया और हिरणमगरी सेक्टर 6 स्थित सेटेलाइट अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डाक्टरों को दिखाया और उसे भर्ती करवाया। बताया गया कि दोनों युवक मजदूरी करके उदयपुर से मोटरसाइकिल द्वारा अपने गांव लौट रहे थे।

# शिल्पग्राम में डॉ. गांवकर व अमित गंगानी ने दी मनमोहक प्रस्तुति

**उदयपुर, (कासं)।** शिल्पग्राम में आयोजित तीन दिवसीय 'ऋतु वसंत' उत्सव के दूसरे दिन शनिवार को गोवा के प्रतिष्ठित हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायक डॉ. प्रवीण गांवकर और जयपुर घराने के प्रसिद्ध कथक कलाकार अमित गंगानी ने अपनी कला से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह उत्सव पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र उदयपुर द्वारा 28 फरवरी से 2 मार्च तक शिल्पग्राम के मुक्ताकाशी रंगमंच में आयोजित किया जा रहा है।

निदेशक फुरकान खान ने बताया कि शनिवार को डॉ. प्रवीण गांवकर ने अपनी सुमधुर आवाज और हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत की गहरी समझ के साथ मंच पर प्रस्तुति दी। उनकी गायकी ने बसंत ऋतु के भावों को संगीतमय रूप से जीवंत कर दिया, जिसे सुनकर श्रोता भाव-विभोर हो उठे। गोवा से आए इस ख्यातिप्राप्त गायक ने अपनी कला से संगीत प्रेमियों का दिल जीत लिया। वहीं, जयपुर घराने के प्रख्यात कथक कलाकार अमित गंगानी ने अपनी नृत्य प्रस्तुति से दर्शकों को अभिभूत किया। उनकी प्रस्तुति में जयपुर घराने की विशेषता - तीव्र तालबद्ध पैरों की थाप, सुंदर भाव-भंगिमाएँ और ऊर्जा से भरपूर प्रदर्शन - स्पष्ट रूप से झलकी। बसंत ऋतु के रंगों को उनके नृत्य ने मंच पर जीवंत कर दिया, जिसने दर्शकों को तालियों से सम्मानित करने के लिए प्रेरित किया। सभी कलाकारों का सम्मान किया । इस कार्यक्रम में आरएसएमएम के एमडी भगवती प्रसाद कलाल, डॉ. प्रेम भण्डारी, देवेन्द्र हिरण सहित शहर के कई गणमान्य जन उपस्थित थे। संचालन मोहिता दीक्षित ने किया।

गोवा के ख्याति प्राप्त संगीतज्ञ डॉ. प्रवीण गांवकर ने राग रागेश्वरी में विलंबित जुमला ताल पर आधारित भक्ति रचना 'शुभ दिन घडी आज प्रगट भये नंद घर कन्हाई' की मनमोहक प्रस्तुति दी, जो संगीत प्रेमियों के लिए एक सौगात बन गई है। राग रागेश्वरी, जो अपनी सौम्यता और गहरी भावनात्मक अभिव्यक्ति के लिए जाना जाता है, इस प्रस्तुति में विलंबित जुमला ताल के साथ और भी प्रभावशाली बन गया। यह ताल, जो अपनी धीमी और संतुलित लय के लिए प्रसिद्ध है, 'शुभ दिन घडी आज प्रगट भये नंद कन्हाई' के बोलों को एक अलौकिक आनंद प्रदान करता है। यह रचना भगवान श्रीकृष्ण के जन्म और उनके आगमन की शुभता को चित्रित करती है, जिसे डॉ. गांवकर ने अपनी संगीतमयी साधना से जीवंत कर दिखाया।




डॉ. प्रवीण गांवकर और अमित गंगानी ने मनमोहक प्रस्तुति दी।


**कार्यालय राज. मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी, प्राथ. स्वा. केन्द्र बार खण्ड जवाजा जिला ( ब्यावर )**

क्रमांक:- RMRS /लेखा/निविदा/ 2025/41 दिनांक:- 25/02/25

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बार पर 31-03-2026 तक के लिये निम्नलिखित कार्यो के लिए पंजीकृत ठेकेदारो व अन्य विभागो से मोहरबन्द निविदायें आमन्त्रित की जाती है। निविदायें दिनांक 07-03-2025 को दोपहर 12.00 बजे तक बेची जाएगी एवं उसी दिन दोपहर 1.00 बजे तक प्राप्त की जाएगी। प्राप्त निविदाए दिनांक 08.03.2025 को दोपहर 2.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेगी। निविदा पर संबधित कार्य हेतु निविदा लिखा होना चाहिए।

| S. No. | Name Of Work | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1. | साफ- सफाई कार्य (सामग्री सहित) | 2,60,000 RS | 5200/- | 200 |

शर्ते :-

1. प्रतिभूति राशि के बिना प्राप्त बिड पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। प्रतिभूति राशि बैंकर चैक/डीडी/ जरिये RMRS बार के नाम से देय होगी।
2. कार्य की विस्तृत जानकारी एवं शर्ते कार्यालय समय पर कार्यालय में देखी जा सकती है।
3. समिति न्यूनतम दर वाली निविदा को स्वीकार करने हेतु बाध्य नहीं है तथा किसी भी निविदा या निविदा के किसी भाग का बिना कारण बताये रद्ध करने का अधिकार सोसायटी के पास सुरक्षित होगा।

चिकित्सा अधिकारी प्रभारी
आदर्श प्राथ.स्वास्थ्य केन्द्र, बार ( जवाजा )
जिला- ब्यावर ( राज. )

# सिंघाना क्षेत्र में मौसम में आए बदलाव से हुई ओलावृष्टि, किसान उदास हुए


हल्की बूंदाबांदी के साथ अचानक सुबह चार बजे तेज़ हवा के साथ ओलों की बरसात हुई।

**खेतड़ी, ( निसं )।** क्षेत्र में शनिवार सुबह मौसम में बदलाव के कारण ओलावृष्टि हो गई। बादलों के साथ काली घटाएं छा जाने व बादलों की गडगडाहट से किसानों के चेहरे पर उदासी छाई हुई है।

सरसों की पक्की हुई फसल में इस समय होने वाली ओलावृष्टि से काफी

■ **सरसों की पकी हुई फसल में हुआ नुकसान, दिवारों के पास लगे ओलों के ढेर**

नुकसान हुआ है। क्षेत्र में जगह-जगह फसलों की कटाई का दौर शुरू होने वाला था कि हल्की बूंदाबांदी के साथ अचानक सुबह चार बजे तेज़ हवा के साथ ओलों की बरसात हो गई। इस दौरान जमीन सफेद हो गई तथा मकानों की दिवारो के पास ओलों ढेर लग गए। करीब छह मीनट तक ओलों की बरसात होने लगी। किसान राधेश्याम जांगिड़ ने बताया कि इस समय होने वाली ओलों की बरसात से सरसों की फसल में सबसे अधिक नुकसान हो सकता है। सरसों की फसल पूरी तरह से पक कर तैयार हो चुकी है और सरसों की कटाई का दौर भी शुरू हो रहा है। यदि बारिश के साथ मौसम और अधिक खराब हो जाने से फसल को ज्यादा नुकसान हो सकता है। फसल को मौसम खराब होने से याओलावृष्टिहोने से किसानों की उम्मीदों पर पानी फिर जाएगा। पूर्व कृषि अधिकारी ओमप्रकाश बलवदा ने बताया कि मौसम में अचानक आए बदलाव से गेहूं व चने की फसल को तो फायदा हो सकता है। अंतिम समय में गेहूं व चने की में नमी की आवश्यकता होती है, यदि इस समय बारिश होती है तो गेहूं व चने की फसल को तो फायदा होगा, लेकिन सरसो को इस बार होने वाली बारिश से नुकसान हो सकता है। यदि हल्की बारिश के बाद भी मौसम साफ रहता है तो भी फसल बची रह सकती है, लेकिन मौसम यदि ज्यादा खराब हुआ ओर जिस तरहओलावृष्टिहुई है उससे सरसों व जौ को सबसे अधिक नुकसान हुआ है। इस समय सरसों व जौ की फसल पूरी तरह से पक कर तैयार हो चुकी है तो किसान फसल की कटाई शुरू करने वाला है। क्षेत्र में शाम से ही बादलों की गड़गड़ाहट के साथ काली घटाएं छाई हुई है। मौसम में आए बदलाव से किसानों के सामने बड़ी चिंता बनी हुई।

**चूरू संवाददाता के अनुसार :** अंचल में शुक्रवार शाम मौसम में बदलाव नजर आया। हल्की बूंदाबांदी के बाद ओलावृष्टि हुई। रात को तेज बारिश ने लोगों को सर्दी का अहसास करवाया। जिले में पिछले 24 घंटों में 28.2 एमएम बारिश दर्ज की गई। बारिश के बाद शहर के कई इलाके जलमग्न हो गये। ओलावृष्टि के कारण किसानों की फसलों को भी नुकसान हो गया। शहर में सुभाष चौक, ईदगाह मोहल्ला, लोहिया कॉलेज, भरतिया अस्पताल, नेचर पार्क, पंखा रोड़, रेलवे स्टेशन, सीटी पोस्ट ऑफिस व सैनिक बस्ती में निकासी के अभाव में पानी जमा हो गया। नया बस स्टैंड, चांदनी चौक, राम मंदिर के पास, रैगर बस्ती और जयपुर रोड़ आरओबी के नीचे भी यही स्थिति है। जलभराव के कारण वाहन चालकों और आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं निचले इलाकों के घरों में भी पानी घुस गया। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा के अनुसार पश्चिमी राजस्थान में एक प्रेरित कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। बीकानेर, जोधपुर, जयपुर और भरतपुर संभाग में मेघ गर्जन के साथ हल्की बारिश की संभावना है। शेखावाटी क्षेत्र में भी ऐसी ही स्थिति रहेगी। मौसम विभाग ने बताया कि शनिवार को न्यूनतम तापमान 16.2 डिठी दर्ज किया गया। बारिश के कारण रोजमर्रा के कार्यों और शादी-विवाह वालों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दो मार्च से श्री अगले चार-पांच दिन तक मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

## सोलर प्लांट में लूट का आरोपी पकड़ा

**जोधपुर, (कासं)।** फलोदी में सोलर प्लांट लूट के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी पर दस हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया हुआ था। फलोदी की जिला स्पेशल टीम और पुलिस थाना बाप की टीम ने संयुक्त कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार किया

■ **आरोपी पर दस हजार रुपए का इनाम घोषित था**

है। फलोदी एसपी पूजा अवाना ने बताया कि आरोपी रमजानपुरा निवासी मुस्ताक सोलर प्लांट लूट के मामले में फरार चल रहा था। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी के लिए दस हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। शनिवार को जिला स्पेशल टीम को सूचना मिली कि मुस्ताक अपने घर आया हुआ है। एएसपी ब्रजराजसिंह चारण और सीओ फलोदी अचलसिंह के निर्देशन में टीम ने तत्काल कार्रवाई की। डीएसटी और थाना बाप पुलिस ने संयुक्त अभियान में आरोपी को उसके घर की घेराबंदी कर पकड़ लिया। आरोपी को थाना फलोदी के हवाले कर दिया गया है।

## सार-समाचार

### अजमेर दरगाह मंदिर प्रकरणः कोर्ट में टली सुनवाई

**अजमेर, (कासं)।** विश्व विख्यात सूफी संत ख्वाजा साहब की दरगाह में हिंदू मंदिर के दावे को लेकर हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता द्वारा कोर्ट में लगाई गई याचिका पर शनिवार को सुनवाई टल गई। प्रकरण में अब अगली सुनवाई 19 अप्रैल को होगी। मालूम हो कि बिजयनगर ब्लैकमेल कांड के चलते अजमेर बंद को जिला बार एसोसिएशन ने भी समर्थन दिया था, जिसके चलते कोर्ट परिसर में कोई कार्य नहीं होने से सुनवाई टल गई। वादी के वकील योगेंद्र ओझा ने बताया कि हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता ने दरगाह में शिव मंदिर होने का दावा करते हुए सर्वे की मांग की थी, इस मामले में दरगाह कमेटी, अल्पसंख्यक विभाग और एएसआई को नोटिस जारी किए गए थे। 24 जनवरी को दोनों पक्षों ने अपना अपना पक्ष रखा था, दरगाह कमेटी और अल्पसंख्यक विभाग ने इस दावे को खारिज करने के लिए कोर्ट में प्रार्थना पत्र प्रस्तुति किया था। प्रकरण में 24 जनवरी को ही सुनवाई के दौरान दरगाह कमेटी ने कोर्ट से समय मांगा था। याचिका में दरगाह कमेटी ने कहा था कि वादी हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता ने जो याचिका कोर्ट में पेश की गई वह सुनवाई योग्य नहीं है। इस पर कोर्ट ने हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता से जवाब मांगा था, उन्होंने जवाब पेश किया। जिसके बाद दरगाह कमेटी ने समय मांगा। इसके बाद कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 1 मार्च शनिवार की तारीख दी थी। याचिकाकर्ता हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता शनिवार को सुनवाई के दौरान अजमेर नहीं आए। उनके वकील अजमेर पहुंचे थे। विष्णु गुप्ता ने वीडियो के माध्यम से अपना बयान जारी कर उन्होंने कहा कि कोर्ट में सुनवाई होनी है। उम्मीद है कि दरगाह कमेटी की दायर याचिका खारिज होगी और सर्वे का आदेश होगा। लेकिन आज सुनवाई टल गई।

अब गली सुनवाई 19 को- बिजयनगर कांड को लेकर सकल हिंदू समाज द्वारा शनिवार को अजमेर बंद रखा गया। बंद को जिला बार एसोसिएशन ने भी समर्थन दिया था, जिसके चलते वकीलों द्वारा कोर्ट कार्य नहीं करने के कारण सुनवाई टल गई। कोर्ट ने सुनवाई की अगली तारीख 19 अप्रैल दी है।

### चोरी की 4 मोटरसाईकिले बरामद

**कोटपूतली।** स्थानीय थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुये मोटरसाईकिल चोरी करने वाली गैंग का पर्दाफाश किया है। एसपी राजन दुष्यन्त द्वारा मोटरसाईकिल चोरी की वारदातों को गंभीरता से लेते हुये मोटरसाईकिल चोरी करने वालों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही करने तथा चोरी हुई मोटरसाईकिलों को बरामद करने हेतु दिये गये निर्देश पर एएसपी वैभव शर्मा के निर्देशन व डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक के सुपरविजन में थानाधिकारी राजेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा कड़ी मेहनत व लगन से कार्य करते हुये आसूचना संकलन कर एवं कस्बे में व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चौक कर मोटरसाईकिल चोरी करने वाली गैंग का पर्दाफाश करते हुये मुख्य अभियुक्त सचिन मीणा को गिरफ्तार कर लिया एवं एक बाल अपचारी को निरुद्ध कर उनके कब्जे से चोरीशुदा 04 मोटरसाईकिले बरामद की है। विगत 05 फरवरी को परिवादी राहुल तंवर ने कोटपूतली थाने पर रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि 28 जनवरी 2025 को पल्स अस्पताल कोटपूतली के पास से उसकी स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल नम्बर आर जे 32 एसएच 6415 को कोई अज्ञात चोर चुरा कर ले गये। जिस पर अभियोग संख्या 78ध2025 धारा 303(2) बीएनएस में पंजीबद्ध कर माल मुल्जिमान की तलाश पतारसी प्रारम्भ की गई। इस दौरान कस्बे में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेजों को खंगालकर एवं आसूचना संकलन कर मोटरसाईकिल चोरी करने वाली गैंग का पर्दाफाश कर अभियुक्त सचिन (19) पुत्र प्रकाश मीणा निवासी नांगल भावसिंह थाना बानसूर को गिरफ्तार किया गया एवं एक बाल अपचारी को निरुद्ध किया गया। जिनके कब्जे से प्रकरण हाजा का माल मशरुका स्पलेण्डर मोटरसाईकिल व 03 अन्य चोरी शुदा मोटरसाईकिलों को बरामद किया गया है। बरामद की गई मोटरसाईकिले तीन स्पलेण्डर प्लस व एक सीडी डीलक्स समेत कुल 04 मोटरसाईकिले है। अभियुक्त ने 07 वारदातें करना कबूल किया है। जिनमें 5-6 माह पूर्व कस्बा नारायणपुर से एक सीडी डीलक्स मोटरसाईकिल चोरी, दिसम्बर 2024 में तंवरों की ढ़ाणी ईलाका थाना बानसूर से एक स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल चोरी, जनवरी 2025 में ईलाका थाना बानसूर में रामनगर पॉवर हाउस से आगे एक स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल चोरी व राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल कोटपूतली के गेट के पास से एक एक स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल चोरी, 28 जनवरी 2025 को पल्स अस्पताल कोटपूतली के पास से एक स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल चोरी, 21 फरवरी 2025 को गोरधनपुरा सीमेन्ट फैक्ट्री के गेट के पास स्थित चाय की दुकान के सामने से एक स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल चोरी, काफी समय पूर्व कस्बा कोटपूतली से एक स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल को चोरी करना कबूल किया है।

### ग्राम भटियानी में वृद्ध महिला की हत्या

**अजमेर/ नसीराबाद, (कासं)।** शनिवार को सदर थाना क्षेत्र के ग्राम भटियानी में एक वृद्ध महिला की नृशंस हत्या कर दी गई जिससे गांव में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार प्रथम दृष्टिया यह मामला लूट का नजर आता है, क्योंकि महिला की हत्या करने के बाद उसके गले से सोने की कंठी कानों के टॉप्स बोर नथ पांव से चांदी की कडियां आदि ले गए। हत्या के वक्त मृतका महिला कमला पत्नी स्वर्गीय हरनाथ घर में अकेली थी तथा उसके दो पुत्र त्रिलोक और कैलाश काम पर गए हुए थे। मामले की सूचना मिलते ही नसीराबाद पुलिस उपाधीक्षक जरनैल सिंह, सदर थाना अधिकारी अशोक विशु, श्रीनगर थानाधिकारी जसवंत सिंह, नसीराबाद तहसीलदार ममता यादव सहित सदर थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तथा महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए एम्बुलेंस की सहायता से राजकीय सामान्य चिकित्सालय नसीराबाद के पोस्टमार्टम कक्ष में रखवाया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल टीम को सूचित किया गया जिसे मौके से साक्षी उठाने तथा एहतियात के तौर पर उसे संपूर्ण क्षेत्र को सील कर दिया गया जहां पर वृद्ध महिला की हत्या की गई। मामले की जानकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक केकड़ी श्यौराज मल को मिलते ही वे भी मौके पर पहुंचे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक केकड़ी श्यौराज मल ने बताया की हत्या के मामलों की हर पहलू से जांच की जाएगी तथा मामले में शामिल लोगों को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। वही ग्राम भटियाणी के सरपंच कैलाश चंद तेला ने बताया कि यह कार्य फेरी लगाने वाले घुमंतू प्रजाति के लोगों का होगा जो इस फिराक में लगे रहते हैं, संभावित उन्हीं लोगों ने लूट के उद्देश्य से इस महिला की हत्या की है, वहीं दूसरी तरफ ग्रामीणों सहित परिवार जनों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि जब तक हत्यारों को पकड़ नहीं जाएगा वे शव नहीं लेंगे और दाह संस्कार नहीं करेंगे।

### सोलंकी की सड़क हादसे में मौत

**हिंडौन सिटी।** पूर्व जिला परिषद सदस्य व भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष का बलवीर सिंह सोलंकी का गत दिवस देर रात सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पूर्व जिला परिषद सदस्य एवं भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष बलवीर सिंह सोलंकी मोटर साइकिल से गांव तिवरा की ओर जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही एक स्कार्पियो ने उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी घटना की सूचना पर पहुंची महू चौकी पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बालवीर को शहर के जिला अस्पताल में पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत्यु घोषित कर दिया सूचना के बाद पहुंचे परिजन में कोहराम मच गया। पुलिस की आवश्यक कार्रवाई के बाद मृतक के सब का शनिवार सुबह पोस्टमार्टम कर सब परिजनों को सौंप दिया परिजनों के अनुसार जिनकी तीये की बैठक रविवार निज निवास-महू इब्राहिमपुर पर आयोजित होगी।

### सी.एम. को दुपट्टा माला भेंट

**भरतपुर ( निस )।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के भरतपुर आगमन पर जिला कुश्ती संघ के महासचिव व भूरी सिंह व्यायामशाला के संचालक चुन्नी कप्तान, संयुक्त सचिव बाबू सिंह रेंजर, जगदीश बंजी, गोपी पहलवान, ब्रजेश शर्मा ने सर्किट हाउस में मुख्यमंत्री को राधे राधे का दुपट्टा माला व बुके देकर स्वागत किया व कप्तान ने 8-9 मार्च को यहां होने वाले लोहागढ केसरी दंगल में आने का निमंत्रण दिया। जिस पर मुख्यमंत्री ने विधानसभा में बजट अधिवेशन में व्यस्त रहने की वजह से आने में असमर्थता व्यक्त की व दंगल हेतु शुभकामनाएँ दीं।

### धरना प्रदर्शन जारी

**रूपवास।** कस्बे के मेला मैदान के पास स्थित न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं द्वारा दिया जा रहा धरना 9 वें दिन भी जारी रहा। यह धरना संघर्ष समिति अध्यक्ष संतोष बंसल अधिवक्ता के नेतृत्व में अपनी मांगों को लेकर दिया जा रहा है। उपखंड मुख्यालय पर वर्ष 1993 से सिविल न्यायाधीश कनिष्ठ खंड व 1996 से अतिरिक्त सिविल कोर्ट संचालित चला आ रहा है।

## महिला की अवैध हिरासत पर हाई कोर्ट नाराज

### तारानगर एसडीएम व थानाधिकारी को किया तलब

**तारानगर।** जोधपुर के राजस्थान उच्च न्यायालय में पेश रिट नं. 1772/2025 में न्यायाधीश फरजंद अली की बेच ने चूरू जिले के तारानगर एसडीएम व थानाधिकारी को शांति भंग के आरोप में महिला की अवैध हिरासत को लेकर नाराजगी जताई व 3 मार्च 2025 को उच्च न्यायालय के समक्ष उपस्थित रहकर बताने बाबत कि एक महिला को अवैध रूप से हिरासत में लेने के लिए उनके खिलाफ उचित कार्रवाई क्यों नहीं की जाये और हिरासत में लिए गए व्यक्ति को पर्याप्त मुआवजा क्यों नहीं दिलाया जाने बाबत रिट पिटिशन आदेश की प्रति उच्च न्यायालय जोधपुर ने जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक, चूरू को ईमेल के माध्यम से अनुपालन हेतु तत्काल भेजे जाने व आदेश की एक प्रति मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार और पुलिस महानिदेशक, जयपुर को भी ईमेल के माध्यम से आवश्यक कार्यवाही हेतु भेजे जाने का आदेश किया है। न्यायालय ने इस मामले को न्यायालय की अंतरात्मा को झकझोर कर देने वाला माना है याचिका की तरफ से रिट पेश कर पैरवी एडवोकेट रामावतारसिंह चैधरी द्वारा की गई। एडवोकेट पवन कुमार योगी ने बताया कि 26 फरवरी 2025 को तारानगर थानाधिकारी ने एक महिला को शांति भंग के आरोप में उपखण्ड मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया जिस पर उपखण्ड मजिस्ट्रेट ने गैरसायला को इलाका के दो सचरित्र व्यक्तियों द्वारा 90-90 हजार रूपये के प्रत्येक के जमानत मुचलके व 90000 रूपये की राशि के निजी मुचलके पेश करने बाबत आदेश दिया था जिस बाबत महिला ने दो जिम्मेदार व्यक्तियों के जमानत मुचलके सशपथ पत्र चरित्र बाबत उनके खिलाफ किसी भी पुलिस थाना में प्रकरण विचाराधीन नहीं होने के पेश किये उसके बावजुद भी उपखण्ड मजिस्ट्रेट ने उक्त महिला को रिहा नहीं कर जानबुझकर न्यायिक हिरासत में भेज दिया जिससे आहत होकर महिला की पुत्री ने दिनांक 28 फरवरी 2025 को उच्च न्यायालय जोधपुर का दरवाजा खटखटाया है इस मामले को न्यायालय की अंतरात्मा को झकझोर कर देने वाला माना है।

## 27 लाख की हेरोइन सहित दो तस्कर गिरफ्तार

**हनुमानगढ़।** जंक्शन थाना पुलिस ने शनिवार को डीएसटी के सहयोग से कार्रवाई करते हुए 68 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) सहित दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। जब्त हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 27 लाख रुपए बताई जा रही है। एसपी अरशद अली के निर्देश पर चलाए जा रहे अवैध नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस अभियान के तहत इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया है।

जंक्शन पुलिस थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह राठौड़ ने बताया कि शनिवार की सुबह थाना की एसआई चुकां के नेतृत्व में गठित टीम गश्त कर रही थी। गश्त के दौरान पुलिस टीम ने दो युवकों के कब्जे से 68 ग्राम हेरोइन बरामद की। मौके से धर्मप्रीत उर्फ प्रीत (22) पुत्र लखविन्द्र सिंह जटसिख निवासी बीरेवाला जटा तहसील सरदूलगढ़ पीएस जोड़कियां जिला मानसा पंजाब और निर्मल सिंह उर्फ नीमा (35) पुत्र शविन्द्र सिंह मजहबी निवासी वार्ड चार, गांव चक ज्वालासिंहवाला पीएस हनुमानगढ़ टाउन को गिरफ्तार किया। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में एसआई चुकां, कॉन्स्टेबल कप्तान, ओमप्रकाश, सुभाष व देवेन्द्र शामिल रहे।

## डाटा एंट्री ऑपरेटर का पति रिश्वत लेते गिरफ्तार


जैसलमेर एसीबी ने ट्रेप की कार्रवाई करते हुए डाटा एंट्री ऑपरेटर के पति को रिश्वत राशि के साथ पकड़ा।

**जैसलमेर, (नि.सं.)।** जैसलमेर एसीबी ने शनिवार को ट्रेप की कार्रवाई करते हुए खेतोलाई पीएचसी की डाटा एंट्री ऑपरेटर के पति को मात्र 17सौ रुपए की रिश्वत राशि के साथ पकड़ा। एसीबी अधिकारी ने बताया कि डाटा एंट्री ऑपरेटर शारदा ने एक आशा सहयोगिनी के टीए-डीए कि राशि को स्वीकृत करने के लिए रिश्वत कि मांग की थी।

जैसलमेर एसीबी एएसपी नरपतचंद के नेतृत्व में आशा सहयोगिनी की शिकायत के आधार पर रिश्वत मांगने की बात को तसदीक करते हुए शनिवार को ट्रेप की कार्रवाई की।

जैसलमेर एसीबी ने ओढानीया गांव में डाटा एंट्री ऑपरेटर के पति कपिल विश्नोई को 17सौ रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

जिस डाटा एंट्री ऑपरेटर शारदा विश्नोई के लिए रिश्वत लेने की जानकारी मिली है वो एसीबी के हत्थे नहीं चढ़ी है। एसीबी शारदा की तलाश कर रही है।

## चेक अनादरण पर एक साल की सजा

**जोधपुर, (कासं)।** विशिष्ट न्यायालय एनआई एक्ट संख्या 4 जोधपुर महानगर ने चेक अनादरण के मामले में आरोपी को दोषी ठहराते हुए कुल एक साल का कारावास और तीन लाख रुपए के जुर्माने से दंडित करने का आदेश पारित किया है। अधिवक्ता गोविन्द जोशी ने पहाड़गंज द्वितीय मंडोर रोड निवासी रावलराम निवासी की ओर से न्यायालय में परिवाद पेश किया कि रावलराम ने सोमानी कॉलेज के पास राजीव गांधी कॉलोनी निवासी खुमानाराम पुत्र जुगताराम को उसका रिश्तेदार होने से निजी जरूरतों हेतु दो लाख रुपए उधार दिए तथा बदले में दो लाख रुपए का एक चेक खुमानाराम ने अपनी बैंक का रावलराम को दिया। ये चेक उसकी बैंक से खाते में पर्याप्त राशि नही होने की वजह से अनादरित हो गया इसलिए रावलराम ने अपने अधिवक्ता गोविन्द जोशी के मार्फत कानूनी नोटिस भेजकर न्यायालय में खुमानाराम के विरुद्ध परिवाद पेश किया जिस पर न्यायालय ने प्रसंज्ञान लिया। अधिवक्ता गोविन्द जोशी ने बहस के दौरान अपने पक्ष में सर्वोच्च न्यायालय और अन्य न्यायालयों द्वारा पारित कई न्यायिक दृष्टांत प्रस्तुत किए जिससे संतुष्ट होकर पीठासीन अधिकारी रोहित कुमार ने आरोपी खुमानाराम को प्रकरण में धारा 138 एनआई एक्ट में दोषी ठहराते हुए तीन लाख का जुर्माना और एक वर्ष के कारावास से दंडित किया।

## चेचेरी बहन से अश्लील हरकत

**जोधपुर, (कासं)।** कमिश्नरेट क्षेत्र में आठ साल की मासूम से उसके ताऊ के बेटे भाई ने अश्लील हरकतें की। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए बच्ची का मेडिकल करवाया।

मामला तीन चार दिन पहले का है और अब पुलिस में पॉक्सो का केस दर्ज करवाया गया है। बच्ची की मां की तरफ से यह मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस ने इसमें अठिाम जांच आरंभ की है।

## लूट के मामले में तीन वांछित आरोपी गिरफ्तार

**कोटा, (निसं)।** कुन्हाडी पुलिस टीम ने महिला से पर्स व मोबाईल लूट के मामले में वांछित चल रहे तीन आरोपियों को बापर्दा गिरफ्तार किया है। शहर पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन ने बताया कि 27 फरवरी को थाना कुन्हाडी मे अज्ञात मोटरसाईकिल सवार बदमाशों द्वारा पर्स व मोबाईल लूट का मामला आने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये पुलिस उपअधीक्षक गंगा सहाय शर्मा के सुपरविजन एवं कुन्हाड़ी थानाधिकारी अरविन्द भारद्वाज के नेतृत्व में टीम का गठन किया। शहर एसपी ने बताया कि गठित टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटैज खंगाले और फरियादी से पूछताछ पर हुलिये के आधार पर तकनीकी सहायता से मोटरसाईकिल सवार अज्ञात बदमाशों की तलाश शुरू की। पुलिस टीम ने कड़ी मेहनत के बाद कुन्हाड़ी पेट्रोल पम्प के पास से तीन जनो को डिटेन कर थाने लाकर पूछताछ के बाद बापर्दा गिरफ्तार किया। शहर एसपी ने बताया कि पकड़े गये शातिर आरोपियों से घटना में प्रयुक्त बाईक को भी बरामद कर लिया है एवं घटनास्थल की तस्दीक भी कराई जा चुकी है। शहर एसपी ने बताया कि पकड़े गये आरोपियों से लूटे गये सामन मोबाईल, व पर्स की बरामदगी करना एवं गिरफ्तार बापर्दा आरोपियों की कार्यवाही शिनाख्तगी करना शेष रह गया है मामले में अनुसंधान जारी है। यह था मामला-कुन्हाड़ी थानाधिकारी अरविन्द भारद्वाज ने बताया कि 27 फरवरी को फरियादी सलोनी मामनानी ने कुन्हाड़ी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। फरियादी ने रिपोर्ट में कहा था कि 18 फरवरी की रात्रि को खाना खाकर अपनी बेटी के साथ पैदल घुम रही थी कि मोटरसाईकिल पर तीन अज्ञात लड़के आये और घेरकर हाथ से पर्स व मोबाईल छीन लिया, पर्स में कुछ कागजात एवं 600 रूपये नगद थे। फरियादी ने रिपोर्ट में कहा कि जब उनका पीछा किया तो एक जने ने चाकू दिखाया और धमकी देकर मौके से भाग गये।

## हादसे में घायल वनपाल की मौत

**मुकुंदगढ़।** घोड़ीवारा बालाजी के पास सड़क दुर्घटना में घायल हुए घोडीवारा कलां निवासी हाल मुकुंदगढ़ संजीव कुमार पुत्र भागीरथ मल की जयपुर के एसएमएस अस्पताल में इलाज के दौरान शुक्रवार को मौत हो गई। मृतक वनपाल के पद पर घोडीवारा कलां नर्सरी में कार्यरत था। वह 20 फरवरी को घोडीवारा बालाजी मंदिर पर स्थित होटल के पास पिकअप ने संजीव कुमार की बाइक को पीछे से टक्कर मारीं।

## 'विपक्ष के पास मुद्दे नहीं होने पर महाकुंभ को हवा दी'

**जोधपुर, (कासं)।** केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने राजस्थान विधानसभा में बने गतिरोध के मामले को लेकर निंदा करते हुए कहा कि जब जनता जनप्रतिनिधि को चुनकर के विधानसभा भेजती है तो जिम्मेदारी उसी रूप में निभानी चाहिए और सभी पक्ष,अपक्ष और विपक्ष को मिलकर अपनी जिम्मेदारी का निर्माण पूरी निष्ठा से करना चाहिए। वे आज जोधपुर प्रवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

67 करोड़ लोगों द्वारा डुबकी लगाने के विषय पर शेखावत ने कहा कि 67 करोड़ लोगों द्वारा डुबकी लगाने के विषय पर बातचीत करते हुए कहा कि, एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत भारत का गौरव और गरिमा जिस रूप में आस्था और विश्वास के साथ कुंभ की बनी है उससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि आम जनता का विश्वास भारतीय संस्कृति और एकता में कितना है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास जब मुद्दे नहीं होते हैं तब इस तरह के मुद्दों को हवा दी जाती है। जोधपुर में बनने वाली एलिवेटेड रोड को लेकर शेखावत ने कहा कि शीघ्र ही इस संबंध में शिलान्यास करवाया जाएगा तथा नाइट टूरिज्म विकसित करने के लिए राजस्थान सरकार के साथ मिलकर पूरे प्रयास किए जाएंगे,जिससे जोधपुर भी पर्यटन के लिहाज और अधिक कामयाबी हासिल करें। जोजरी नदी के मामले में उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार ने 176 करोड रुपए इस बार के बजट में स्वीकृत किए हैं मैं उनका धन्यवाद देता हूं। केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने अपने जोधपुर प्रवास के दौरान अपने निवास पर हमेशा की तरह जनसुनवाई की और जनसुनवाई में आने वाले दूर दराज क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुना तथा कुछ मामलों में हाथों-हाथ अधिकारियों को निर्देश भी दिए। गजेंद्र सिंह शेखावत जयपुर से अजमेर होते हुए देर रात जोधपुर पहुंचे थे। केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने राजस्थान विधानसभा में बने गतिरोध के मामले को लेकर उन्होंने निंदा करते हुए कहा कि जब जनता जनप्रतिनिधि को चुनकर के विधानसभा भेजती है तो जिम्मेदारी उसी रूप में निभानी चाहिए और सभी पक्ष,अपक्ष और विपक्ष को मिलकर अपनी जिम्मेदारी का निर्माण पूरी निष्ठा से करना चाहिए। वे आज जोधपुर प्रवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। 67 करोड़ लोगों द्वारा डुबकी लगाने के विषय पर शेखावत ने कहा कि 67 करोड़ लोगों द्वारा महाकुंभ में डुबकी लगाने के विषय पर बातचीत करते हुए कहा कि, एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत भारत का गौरव और गरिमा जिस रूप में आस्था और विश्वास के साथ कुंभ की बनी है उससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि आम जनता का विश्वास भारतीय संस्कृति में है।


## पूर्व मंत्री की हालत में सुधार

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान के पूर्व चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉँ रघु शर्मा को सीने में तेज दर्द और पसीना आने की शिकायत पर जवाहरलाल नेहरू मेडिकल अस्पताल के कार्डियोलॉजी विभाग में शुक्रवार की देर रात भर्ती कराया गया। सूचन मिलने पर उनके जानपहचान वाले पूर्व मंत्री की कुशलक्षेम लेने अस्पताल में आए।

अस्पताल के प्राचार्य डॉ अनिल सामरिया अस्पताल अधीक्षक डॉ अरविंद खरे कार्डियोलॉजी विभाग के प्रभारी डॉ राकेश महला एवं डॉ आशीष अग्रवाल सहित चिकित्सकों की टीम देखभाल कर रही है। कार्डियोलॉजी विभाग में आज प्रात: डॉ रघु शर्मा की एंजियोग्राफी कर एक स्टंट लगाया और 48 घंटे आराम करने की सलाह दी है डॉ रघु शर्मा को गहन चिकित्सा यूनिट में शिफ्ट किया गया है। अब उनकी हालत में सुधार बताया जा रहा है।

डॉ रघु शर्मा की कुशल से पूछने के लिए बड़ी संख्या में कांग्रेसी नेता एवं कार्यकर्ता अस्पताल पहुंच रहे हैं। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक डॉ राजकुमार जयपाल महासचिव एवं पूर्व विधायक महेंद्र सिंह गुर्जर सदस्य महेंद्र सिंह रलावता अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान महासचिव शिवकुमार बंसल शक्ति प्रताप सिंह राठौड़ देशराज मेहरा राजेंद्र वर्मा आदि ने अस्पताल पहुंचकर कुशल से पूछी एवं शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

## झुंझुनूं में गदर मचाने वाले चोर गिरोह को पुलिस ने दबोचा


पुलिस ने चोर गिरोह के तीन जनों को पकड़ा।

**झुंझुनूं, (निस)।** जिले में सिलसिलेवार चोरियों की वारदात कर पुलिस की नाक में दम करने वाले और गदर मचाने वाले चोर गिरोह के तीन सदस्यों को पुलिस ने धर दबोचा है। गिरफ्तार किए गए तीनों चोरों ने झुंझुनूं जिले के आठ कस्बों-गांवों में एक दर्जन से अधिक चोरियों की वारदातें करना कबूल किया है। जानकारी के अनुसार झुंझुनूं जिले के मंड्रेला कस्बे में एक ही रात में चोरों ने तीन दुकानों के ताले तोड़कर वारदात को अंजाम

■ **झुंझनूं जिले में सिलसिलेवार चोरियों की वारदातों को अंजाम दिया था**

दिया था। जिसके बाद पुलिस ने इसे चुनौती के रूप में लिया। पुलिस सीसीटीवी कैमरों के आधार पर चोरों के पीछे पीछे सीकर तक पहुंच गई। इस दौरान 150 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चैक करने के अलावा 100 से अधिक लोगों से पूछताछ की गई। जिसके बाद सीकर बस डिपो के पास स्थित झुग्गी में दबिश दी गई। जहां से पुलिस ने 18 वर्षीय सुखवाल उर्फ लक्की पुत्र प्रकाश सिंगीवाल कानबेलिया, 21 साल के दीपक पुत्र रमेश फूल माली गुजराती तथा 25 साल के करण उर्फ कोयल पुत्र पिंटूराम सिंगीवाल को गिरफ्तार किया। आरोपियों ने मंड्रेला में की गई तीनों वारदातों को कबूला और बताया कि इस वारदात में उनके साथ बंटी पुत्री डिप्टी सिंगीवाल भी था।

# अभियान में पंजाब का हेरोइन तस्कर गिरफ्तार

## हेरोइन जब्ती मामले में पुलिस पर फायर कर भागा था

**श्रीगंगानगर** । श्रीगंगानगर जिले की समेजा कोठी पुलिस ने हेरोइन तस्करी के एक बड़े मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में लगभग छह और संदिग्धों के नाम सामने आए हैं। पुलिस उनकी संलिप्तता की जांच कर रही है।

डीआईजी गौरव यादव के अनुसार 15 जून 2024 को समेजा

■ **पुलिस हेरोइन तस्करी के मामले में अन्य संदिग्धों की जांच कर रही है**

कोठी थाना क्षेत्र की रोही 44 पीएस में बीएसएफ और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में 6 किलो हेरोइन बरामद की गई थी। घटना के समय आरोपियों ने पुलिस पर हवाई फायरिंग की थी। नाकाबंदी के दौरान पुलिस की गाड़ी को टक्कर मारकर वे फरार हो गए थे। पुलिस ने इस मामले में एनडीपीएस एक्ट और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था।

समेजा कोठी थाना प्रभारी कृष्णकुमार ने तकनीकी और मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी गगनदीप सिंह उर्फ गुरी (22) को पकड़ा। गगनदीप पंजाब के फिरोजपुर जिले के ममदोट का रहने वाला है।

इस मामले में पहले ही एक अन्य आरोपी नवदीप सिंह उर्फ लवली को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। इस गिरफ्तारी में कॉन्स्टेबल कालूराम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। थाना प्रभारी के अनुसार मामले में लगभग छह और संदिग्धों के नाम सामने आए हैं। पुलिस उनकी संलिप्तता की जांच कर रही है।



श्रीगंगानगर जिले की पुलिस ने पंजाब का हेरोइन तस्कर को गिरफ्तार किया ।

## रात्रि चैपाल में एडीएम ने सुनी आमजन की समस्याएं

**करौली।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल ने कहा कि रात्रि चैपाल के दौरान परिवादीयों से प्राप्त प्रकरणों को अधिकारी समय सीमा में निस्तारण करें।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर पंचायत समिति श्रीमहावीरजी की ग्राम पंचायत गुनसार में आयोजित रात्रि चैपाल को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। रात्रि चैपाल में आमजन एवं ग्रामीणों के द्वारा जल जीवन मिशन के तहत पेयजल उपलब्ध करवाना, अतिक्रमण हटवाना, बिजली का बिल कम करने, सडक बनवाने, रास्ता खुलवाने, पेयजल हेतु टंकी का निर्माण करवाने, बीपीएल में नाम जुडवाने, स्कुटी दिलवाने, खेलन मैदान के लिए भूमि आवंटित करने सहित विभिन्न विभागों के 32 प्रकरण प्राप्त हुए। जिन पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने प्रत्येक प्रकरण की व्यक्तिगत सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्रता से नियमानुसार कार्यवाही करने एवं आमजन को लाभान्वित करवाने के निर्देश प्रदान किए। रात्रि चैपाल के दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीणा, उपखंड अधिकारी हेमराज गुर्जर,पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ गंगासहाय मीणा,कृषि विभाग के सहायक निदेशक अशोक कुमार मीणा,सूचना एवं जन संपर्क कार्यालय के सहायक निदेशक धर्मेन्द्र कुमार मीना,तहसीलदार रैणु चैधरी सहित अन्य जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी,कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में परिवादी उपस्थित रहे।

# विश्व के समक्ष सेवा का नया अध्याय लिखें भारतीय चिकित्सक : राज्यपाल बागडे




राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागडे ने उदयपुर में अधिवेशन को सम्बोधित किया।

**उदयपुर,** (कासं)। राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागडे ने कहा कि आम समाज के लिए चिकित्सक भगवान के समान होते हैं। व्यक्ति की चिकित्सा के प्रति श्रद्धा और आत्मीय भाव अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि वह चिकित्सक की सलाह पर पूरी आस्था रखता है। ऐसे में चिकित्सक की जिम्मेदारी अहम हो जाती है।

वे शनिवार को यहां नेशनल मेडिकल ऑर्गेनाइजेशन (एनएमओ) के 44वें राष्ट्रीय अधिवेशन नमोकॉन-2025 के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने चिकित्सकों से सेवा भावना को सर्वोपरि रखने का आव्हान करते हुए कहा कि मानव सेवा ही ईश्वर सेवा का पर्याय है। स्वामी विवेकानंद ने मानव सेवा को ही ईश्वर सेवा बताया था, और पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने भी नर सेवा को नारायण सेवा के रूप में स्वीकार किया। इसी भावना के साथ समाज को स्वास्थ्य, शिक्षा और सेवा के प्रति जागरूक बनाना आवश्यक है। राज्यपाल ने चिंता व्यक्त की कि वर्तमान समय में मनुष्य की रोग प्रतिकारक क्षमता कमजोर हो रही है, जिसे बढ़ाने के प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि पुराने समय में प्रात:काल दंड-बैठक और व्यायाम हमारी दिनचर्या का अनिवार्य हिस्सा था, लेकिन आधुनिक जीवनशैली में यह परंपरा लुप्त होती जा रही है। इसे पुनर्जीवित कर लोगों को स्वस्थ जीवन के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। उन्होंने कोविड-19 महामारी का उदाहरण देते हुए कहा कि इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में न केवल देश बल्कि विदेशों को भी बचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया गया। उन्होंने नेशनल मेडिकल ऑर्गेनाइजेशन (एनएमओ) की सराहना करते हुए इसके अधिवेशन की सफलता की कामना की।

अपने बचपन के कुछ अनुभव साझा करते हुए उन्होंने सामाजिक सेवा कार्यों को याद किया। मैकाले की शिक्षा पद्धति पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि यह प्रणाली राष्ट्र की जडों को कमजोर करने के लिए बनाई गई थी, लेकिन अब संगठन राष्ट्र सेवा के भाव को सुदृढ करने और समाज में चेतना जगाने का कार्य करेगा। इसके लिए प्राइमरी शिक्षा से ही प्रयास करने होंगे।

## सालाना जलसा समारोह संपन्न

**चूरू** । गांव झारिया में शुक्रवार देर शाम को मदरसा इस्लामिया काशिफुल उलूम के सालाना जलसे का आयोजन किया गया। जलसे की अध्यक्षता मौलाना मोहम्मद सालेह ने की। मुख्य अतिथि मदरसा जामिया दारुल उलूम के प्राचार्य मुफ्ती इरशाद कासमी थे। हाफिज मोहम्मद सद्दाम ने तिलावत-ए-कुरआन से जलसे का आगाज किया। इस मौके पर मदरसे के बच्चों व बच्चियों को उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। जलसे में मदरसे के विद्यार्थियों ने दिलकश अंदाज में नात, तकरीर और मुकालमे प्रस्तुत किए। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि इंसानियत एकता सेवा समिति के संस्थापक करामत खान ने कहा कि हम अपने बच्चों और बच्चियों को बेहतर तालीम दिलाएं और उन्हें अच्छे संस्कार दें।

# बीकानेर रेंज से 4 एसआई सेवा से बर्खास्त

**बीकानेर** । प्रदेशभर में साल 2021 की एसआई भर्ती परीक्षा के मामले में अब दोषी सब इंस्पेक्टर को सेवा से बर्खास्त करने का सिलसिला तेज हो गया है।

कुछ दिन पहले दो एसआई को बर्खास्त करने के बाद देर रात बीकानेर आईजी ओम प्रकाश ने चार और एसआई बर्खास्त कर दिए। ये सभी एसआई श्रीगंगानगर में पोस्टेड थे।

आईजी ओमप्रकाश पासवान ने बताया कि रेंज के श्रीगंगानगर में पदस्थापित मनीष बेनीवाल पुत्र श्रवण कुमार, जयराज सिंह पुत्र आसू सिंह, अंकिता गोदारा पुत्री श्याम सुंदर और मनीषा सिहाग पुत्री अर्जुनराम सिहाग को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है।

■ **श्रीगंगानगर में पोस्टेड थे सभी , रेंज से अब तक 6 को हटाया**

■ **सेवा से बर्खास्तगी नियम सीसीए 19 (2) के तहत की गई**

इन सभी के खिलाफ सेवा नियमों के तहत कार्रवाई की गई है।

एसआई भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी करने का आरोप है। प्रारम्भिक जांच में ये सभी दोषी पाए गए हैं। ऐसे में इन्हें निलंबित के बजाय सीधे सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। ये कार्रवाई सेवा से बर्खास्तगी नियम सीसीए 19 (2) के तहत की गई है। सभी सब इंस्पेक्टर बैच 2021 के हैं। एसओजी ने जो मामला दर्ज किया था, उसी के तहत इन पर कार्रवाई की गई है। इससे पहले जयपुर जेल में बंद श्रवण कुमार गोदारा पुत्र बीरबलराम बिश्नोई निवासी बज्जू खालसा और मंजू बिश्नोई पुत्र गोगाराम बिश्नोई निवासी गुलसानियों की ढाणी धोरीमन्ना बाड़मेर को सेवा से बर्खास्त किया गया था। इसमें श्रवण की पोस्टिंग श्रीगंगानगर थी जबकि ममता की पोस्टिंग बीकानेर में थी। ये दोनों भी साल 2021 के बैच में ही एसआई बने थे।

बीकानेर रेंज आईजी ओम प्रकाश अब तक छह एसआई को सेवा से बर्खास्त कर चुके हैं।

## स्मैक तस्कर गिरफ्तार

**करौली।** करौली पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन स्मैक आउट के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने स्मैक तस्करी के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर पुलिस ने 10 हजार रुपए का इनाम घोषित कर रखा था। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत 7 मामले दर्ज हैं।

लांगरा थानाधिकारी वासुदेव बसवाल के अनुसार आरोपी धौलपुर के चिलाचैन्द निवासी कमल मीणा 29 एक बड़े नेटवर्क का हिस्सा था। वह पहले से गिरफ्तार पांच आरोपियों को स्मैक की आपूर्ति करता था।

ये आरोपी करौली, सरमथुरा, बाड़ी, वजीरपुर और आसपास के गांवों में स्मैक बेचते थे। इससे पहले पुलिस ने एक अन्य इनामी बदमाश के घर से स्मैक बिक्री से जुडी 5 लाख रुपए की नकदी जब्त की थी।

# महू को नवीन ग्राम पंचायत बनाए जाने के लिए जयपुर तक गुहार

**करौली** । करौली पंचायत समिति की ठााम पंचायत हरनगर से ठााम माहू को नवीन ठााम पंचायत बनाए जाने को लेकर बड़ी संख्या में ठाामीण जयपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, पंचायत राज एवं शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, सहकारिता मंत्री अविनाश गहलोत से भी गुहार लगा चुके हैं ।

जयपुर से मिले आश्वासन के बाद एक बार फिर ग्रामीण करौली जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे और महू गांव के ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। जिला कलेक्टर और एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर महू गांव को पाराशरी ग्राम पंचायत में जोड़ने का विरोध किया और महू ग्राम पंचायत को नवीन ग्राम पंचायत बनाने की मांग की।

इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण

■ **जयपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, पंचायत राज एवं शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, सहकारिता मंत्री को ज्ञापन दिया है।**

मौजूद रहे। महू गांव निवासी पोथी ठेकेदार,अमरलाल,किरोड़ी,दर्शन रामकिशोर और जगमोहन माली ने बताया कि महू गांव को पाराशरी नवीन पाराशरी ग्राम पंचायत से जोड़ने की चर्चा है।

जिसका क्षेत्र वासियों में भारी विरोध है। ग्रामीणों ने बताया कि पाराशरी ग्राम पंचायत बनने से महू सहित आसपास के अन्य ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि पाराशरी गांव तक जाने का मुख्य रास्ता लंबा और परेशानियों से भरा है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में महू गांव की जनसंख्या अधिक है। जबकि पाराशरी गांव की जनसंख्या कम है और सुविधाओं का भी अभाव है। ग्रामीणों ने बताया कि महू गांव में सभी सुविधाएं उपलब्ध होने से इसे नवीन ग्राम पंचायत बनाना उचित रहेगा। ग्रामीणों ने पूर्व में दिए ज्ञापन की अनदेखी का भी आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने एक बार फिर ज्ञापन सौंप कर जल्द से जल्द मांग पूरी करने की गुहार लगाई है। इस दौरान प्रकाश चंद जाटव ,रामधन, रामकुमार, रमेश, मोहर सिंह, रामराज सैड बड़ी संख्या में एक दर्जन से अधिक गांव के लोग उपस्थित रहे।

# विजयनगर ब्लैक मेल कांड: सकल हिंदू समाज का अजमेर बंद रहा सफल

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर संभाग के ब्यावर जिले के बिजयनगर में स्कूली छात्राओं के साथ हुए दुराचार, ब्लैकमेलिंग व धर्मांतरण मामले को शनिवार को सकल हिंदू समाज की ओर से अजमेर बंद का आव्हान किया गया था। सकल हिंदू समाज का अजमेर बंद छिटपुट घटनाओं को छोडकर शांतिपूर्ण व सफल रहा। बंद के दौरान हाथों में लाठी डंडे लेकर हिंदूवादी संगठनों के लोग बाजार बंद कराने निकले। रास्ते में कई जगह टेम्पो, ई-रिक्शा के पहियों की हवा निकाली। सवारियों को गाडियों से भी उतारा गया। बंद समर्थक व दुकानदार, ई-रिक्शा ड्राइवर से नोक झोक की घटना भी सामने आई है। बंद के मद्देनजर सुरक्षा की दृष्टि से जिला पुलिस प्रशासन पूरी रह मुस्तैद रहा।

**आक्रोश रैली निकाल सौंपा**

■ **कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन**

■ **मामले जांच सीबीआई से कराने की मांग**

■ **श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ ने व्यापारियों का जताया आभार**

**ज्ञापन:-** सकल हिंदू समाज के अजमेर बंद को लेकर लोगों में आक्रोश व्याप्त है। शनिवार सुबह साढ़े ग्यारह बजे हिंदूवादी संगठनों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता सहित समाज के जागरुक लोग गांधी भवन पर एकत्रित हुए, यहां से आक्रोश रैली के रूप में जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे। कलेक्ट्रेट पर बड़ी संख्या में विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग व कार्यकर्ताओं ने बैरिकेड पर चढ़ कर नारेबाजी कर आक्रोश जताया और आरोपियों की फांसी देने के नारे लगाए। इसके पश्चात सकल समाज के प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने जिला कलेक्टर लोकबंध को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपा और मामले की जांच सीबीआई से कराने व आरोपियों को फांसी देने की मांग की।

**श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ ने दिया था समर्थन:** बिजयनगर रेप ब्लैकमेल कांड के विरोध में शनिवार को अजमेर बंद के सकल हिंदू समाज के आव्हान पर यह निर्णय लिया गया है। बंद को श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ से जुड़े 124 से ज्यादा व्यापारिक संगठनों ने अपना समर्थन दिया था। बंद के दौरान दरगाह बाजार में कुछ दुकानें खुली मिली थीं। जिस पर सकल समाज के कार्यकर्ताओं ने दुकानदारों से उन्हें अपने प्रतिष्ठान बंद करने की अपील की गई। अजमेर बंद के दौरान इमरजेंसी सेवाओं पर बंद का असर नहीं है। स्कूल-कॉलेज, पेट्रोल पंप, गैस एजेंसी, हॉस्पिटल जैसी आवश्यक सेवाओं को बंद से दूर रखा गया है।

**व्यापारियों व दुकानदारों का जताया आभार:-** श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के अध्यक्ष महेंद्र बंसल, महासचिव रमेश लालवानी, अमित ढाणी, विजय गोयल, किशोर टेकवानी, ठाकुर मूलानी, सुरेश तंबोली, पवन बंसल, गोविंद लालवानी, रणवीर सैनी आदि ने अजमेर बंद के दौरान व्यापारियों द्वारा दिए गए समर्थन पर आभार जताया।

## मुआवजा की मांग

**सादुलपुर** । तहसील के नीमा, हमीरवास, बास लाल सिंह, जसवंतपुरा, बैरासर, लम्बोर सहित कई गांवों में शुक्रवार शाम लगभग 6 बजे भयंकर ओलावृष्टि हुई, जिसने किसानों की उम्मीदों को मिट्टी में मिला दिया। खेतों में लहलहा रही सरसों और गेहूं की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई। इस आपदा के कारण हजारों किसान गहरे आर्थिक संकट में आ गए हैं, क्योंकि इस क्षेत्र के ग्रामीणों की आजीविका पूरी तरह से कृषि पर निर्भर है। ओलावृष्टि इतनी भीषण थी कि सरसों की फलियां टूटकर गिर गईं और गेहूं के दाने झडकर मिट्टी में मिल गए। कई जगह खेतों में पानी भर गया और बची हुई फसल के सडने का खतरा पैदा हो गया। इस तबाही से किसान गहरे सदमे में हैं, क्योंकि वे इस फसल से अपनी सालभर की जीविका चलाने की उम्मीद लगाए बैठे थे। स्थानीय किसान जगदीश गुर्जर, बास लाल सिंह के गिरवरसिंह ने बताया कि 'हमने अपनी पूरी मेहनत और पूंजी लगाकर फसल तैयार की थी, लेकिन कुछ ही मिनटों में सब खत्म हो गया।

# भामाशाहों एवं प्रतिभाओं को सम्मानित किया

## उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने वाली बालिकाओं को सम्मानित किया

**सीकर** । शहीद मुस्ताक अली खान राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय जाजोद में भामाशाहों एवं प्रतिभाओं का सम्मान समारोह राष्ट्रपति शिक्षक पुरस्कार प्राप्त भंवरसिंह के मुख्य अतिथ्य में शनिवार को आयोजित हुआ। भंवर सिंह ने अपने उदबोधन में बालिकाओं को नैतिक शिक्षा, संस्कारवान तथा अनुशासन की पालना करने की विस्तार से जानकारी दी। प्रधानाचार्य रामचन्द्र सिंह खीचड़ ने विद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए ग्रामवासियों से विकास के लिए सहयोग का आव्हान किया। जिसपर सभी ग्रामवासियों ने सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ.

■ **भामाशाहों एवं प्रतिभाओं का सम्मान समारोह राष्ट्रपति शिक्षक पुरस्कार प्राप्त भंवरसिंह के मुख्य अतिथ्य में सम्पन्न**

भीवाराम रणवा ने की। विशिष्ट अतिथि पूर्व सरपंच लियाकत अली, सुबेदार इकबाल खान, जोगेंद्र सिंह, सुरजन सिंह, सुबेदार प्रहलादसिंह, हनुमान सिंह पूनिया, इब्राहम मलकाण, इलियास नूरखानी, इमरान खां मुदरबखानी, नियाज खां फाडियान उपस्थित रहे।

इस अवसर पर चार राज्यस्तरीय खिलाड़ियों को मेडल व माला पहनाकर सम्मानित किया। एक दर्जन से अधिक उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने वाली बालिकाओं को सम्मानित किया। दो दर्जन से अधिक भामाशाहों को माला पहनाकर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। शारीरिक शिक्षक कविता सैनी सहित पूरे स्टाफ को माला पहनाकर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। अंत में व्याख्याता संगीता ने सभी का आभार व्यक्त किया। संचालन व. अ. रोशन अली ने किया। कार्यक्रम में गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## गांवों में भारी ओलावृष्टि

**सादुलपुर।** बदले मौसम के मिजाज के चलते शुक्रवार देर शाम को 6.00 बजे लगभग अचानक मौसम बदल गया तथा बादल छा गए एवं बादलों की गर्जना के साथ हल्की बूंदाबांदी हुई। जो देखते ही देखते भारी ओलावृष्टि में तब्दील हो गई। वहीं आगनबाडी जिला अध्यक्ष सविता धोलिया ने बताया कि ददरेवा के आसपास अनेक ग्रामीणों क्षेत्र में ओलावृष्टि होने के समाचार मिले हैं। गांव रतनपुरा में लगभग 20 मिनट तक हुई बारिश के साथ ओले गिरे हैं। इसके अलावा ददरेवा गांव के आसपास के गांव धोलिया, भुवाडी, चिमनपुरा, सेऊवा व रतनपुरा में जमकर ओलावृष्टि हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि तेज बादलों की गर्जना साथ जमकर ओलावृष्टि होने से चने की फसलों को नुकशान हुआ है। गांव में विचरण करने वाले पशुओं को भी नुकसान पहुंचा है घर के आंगन और छत पर ओलो की चादर बिछ गई। ग्रामीणों ने बताया कि लगभग आधे घंटे बाद ग्रामीणों को कृषि और फावडे से ओलो को हटाना पडा। ग्रामीणों ने बताया कि एक साथ अचानक इतनी बडी ओलावृष्टि उन्होंने नहीं देखी है।वही बैरासर बडा ओर बेरासर मंझला की रोही में जमकर ओलावृष्टि हुई है नींबू के आकार के ओला गिरने से घरों के बाहर बंदे पशु धन को भारी नुकसान पहुंचा है।

# हाई कोर्ट जस्टिस गणेश राम मीणा ने सूरौठ के बूढंदे बाबा मंदिर में की पूजा अर्चना, सर्व समाज के लोगों ने किया सम्मान

**हिंडौन सिटी।** राजस्थान हाईकोर्ट जयपुर के जस्टिस गणेश राम मीणा ने शनिवार को सूरौठ कस्बे में पहुंच कर यहां आराध्य देव बूढंदे बाबा मंदिर में पूजा अर्चना की। इस दौरान सर्व समाज के लोगों ने जस्टिस मीणा का भव्य सम्मान किया। लोगों ने हाई कोर्ट जस्टिस मीणा को ज्ञापन सौंप कर सूरौठ तहसील मुख्यालय पर मुंशिफ कोर्ट खोलने की मांग की।

हाई कोर्ट जस्टिस गणेश राम मीणा शाम 4:30 बजे के करीब कस्बे में स्थित बूढंदे बाबा मंदिर परिसर पहुंचे। इस अवसर पर कस्बे के लोगों ने पुष्प वर्षा कर उनका अभिनंदन किया। जस्टिस मीणा ने बूढंदे बाबा की प्रतिमा के समक्ष ढोक लगा कर मनौती मांगी तथा पूजा अर्चना की। इस मौके पर डुम्मा पटेल, सेवानिवृत जिला शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश मुद्गल, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव देशराज मीणा, सूरौठ निवासी एसडीएम कुलराज मीणा, जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव विश्राम मीणा, हिंडौन देहात ब्लॉक कांग्रेस के प्रवक्ता प्रमोद तिवाड़ी, केदार मीणा, प्रेम



राजस्थान हाईकोर्ट जयपुर के जस्टिस गणेश राम मीणा का सूरौठ कस्बे में विभिन्न संगठनों ने सम्मान किया।

राज बाबू, पूर्व सरपंच नादान मीणा, सुग्रीव मीणा, झमन मेंबर, जीएसएस अध्यक्ष प्रेम राज मीणा, प्रहलाद जांगिड़, किशन सोनी, लट्टे मीणा, कांग्रेस के सूरौठ मंडल अध्यक्ष बत्तू मेंबर, तोता मीणा, सरदार मीणा, वेद प्रकाश शर्मा, प्रेम पटेल, बद्री मास्टर, संपत कटकरिया, राजू सैनी शास्त्री, रिंकू मीणा, राहुल मीणा, जय सिंह मीणा, श्री मोहन मीणा, धर्म सिंह मास्टर, भय सिंह मीणा, मंदिर के पुजारी हल्के मीणा, राजपाल सैनी, छुट्टन खान, राजेश वकील, श्री मोहन मीणा, हरि सिंह सूबेदार सहित सर्व समाज के लोगों ने जस्टिस मीणा का साफे व मालाएं पहनाकर सम्मान किया।

## शराब ठेके को हटाने की मांग

**सादुलपुर।** वार्ड 31 राजगढ में शिक्षण संस्थाओं तथा आबाद बस्ती के बीच चल रहे शराब के ठेके को हटाने की मांग कर शुक्रवार को सैकडो लोगों ने आक्रोश जताया तथा एसडीएम को लिखित शिकायत की है। शाम पांच बजे के करीब सौंपे ज्ञापन में लोगों ने बताया कि शराब के ठेके के कारण लोगों का जीना मुश्किल हो गया है तथा भावी पीढियों के भविष्य पर बुरा असर पड रहा है। अनेकों शिकायतों के बावजूद अस्थाई रूप से चल रहे ठेके को संबंधित विभाग तथा प्रशासन की ओर से हटाने की कार्रवाई नहीं हो रही है, जिसके कारण मोहल्ले के लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। वार्ड संख्या 31 के निवासियों ने बताया कि वार्ड नंबर 31 राजगढ में शहर की वर्षों पुरानी नेहरू बाल मंदिर शिक्षण संस्थान तथा रुक्मिणी देवी बालिका स्कूल के पास आबाद बस्ती में एक शराब ठेका चलाया जा रहा है। आम प्रमुख रास्ते पर दिन भर अनेक प्रमुख मोहल्ले के लोगों सहित स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों तथा महिलाओं का आवागमन बना रहता है। तथा शराब ठेके पर शराब खरीदने और पीने तथा असामाजिक तत्वों का जमावडा रहने से आमजन को परेशानी का सामना करना पडता है।

# मोबाइल चोरी के गिरोह का पर्दाफाश

**निवाई।** निवाई के झिलाय रोड पर स्थित गोपी टावर में 9 फरवरी को दो मोबाइल की दुकानों में हुई मोबाइल चोरी सहित जिले के 5 स्थानों पर मोबाइल की दुकानों पर हुई चोरी की वारदातों का पुलिस थाना निवाई में पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए खुलासा किया है।

उन्होंने बताया कि 9 फरवरी की रात्रि को चोरों ने जिले में पांच मोबाइल की दुकानों को निशाना कर करीब 40 लाख के मोबाइल चुराए थे। उन्होंने बताया कि चोरों को पकडने में डीएसटी टीम व साइबर सेल टोंक की विशेष भूमिका रही है। एसपी सांगवान ने बताया कि शातिर चोरों को पकडने के लिए पुलिस द्वारा गठित पांच विशेष टीमों द्वारा चार राज्यों में लगभग 2 हजार किलोमीटर तक चोरों की तलाश करते हुए 400 सीसीटीवी फुटेज खंगाले। इसके बाद दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। वारदात की जानकारी देते हुए एसपी सांगवान ने बताया कि जिले में एक ही रात में अलग-अलग थाना क्षेत्र के मोबाइल की तीन दुकानों के शटर तोडक़र लगभग 40 लाख रुपए के मोबाइल ले जाने

■ **एक हरियाणा व दूसरा उत्तर प्रदेश का है निवासी**

सहित राज्य के विभिन्न स्थानों की लगभग आधा दर्जन वारदातों का खुलासा हुआ है। पुलिस ने चोरों द्वारा चोरी किए गए 140 एंड्राइड मोबाइल तथा घटना में प्रयुक्त वाहन ब्रेजा कार व चोरी की हुई नंबर प्लेट को भी बरामद किया है।

उन्होंने बताया कि घटना में एडिशनल एसपी बृजेंद्र सिंह भाटी के निर्देशन में डीवाईएसपी मृत्युंजय मिश्रा के निकट सुपरविजन में टीमों को गठित किया गया था। पुलिस ने आरोपी सलमान खान पुत्र इलियास खान जाति मेव उम्र 41 वर्ष निवासी मोहल्ला हटेड़ा, ग्राम उटावड़ जिला पलवल हरियाणा व आरोपी महेश गोयल पुत्र मनोहरलाल उम्र 38 वर्ष निवासी एफएम 764 गोविंद नगर पुलिस थाना मथुरा उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि शेष आरोपियों को भी जल्द से जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



इस पहल से लोगों को सिर्फ अपनी फिटनेस सुधारने में ही मदद नहीं मिलेगी बल्कि वे प्रदूषण को नियंत्रित करने में भी योगदान करेंगे।
- नीरज चोपड़ा

दो बार के ओलंपिक विजेता, 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' में शामिल होने का आग्रह करते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## डी गुकेश



मौजूदा विश्व चैंपियन भारत के डी गुकेश फिडे की जारी नवीनतम क्लासिकल रेटिंग में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ तीसरी रैंकिंग पर पहुंच गए, जबकि हमवतन आर प्रज्ञानानंदा फिर से शीर्ष 10 में वापसी करने में सफल रहे। गुकेश दिसंबर में सिंगापुर में चीन के डिंग लिरेन को हराकर विश्व खिताब जीतने के बाद से शानदार फॉर्म में चल रहे हैं।18 साल के इस खिलाड़ी ने इस दौरान 10 रेटिंग अंक हासिल किए हैं। अब उनके नाम कुल 2787 रेटिंग अंक हो गये हैं। गुकेश हाल ही में विज्क आन जी में टाटा स्टील मास्टर्स को टाईब्रेक में प्रज्ञानानंदा से हार गए थे।

**क्या आप जानते हैं ?... भारत का ओलंपिक इतिहास में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी रहा है, जिसमें उसने 142 मैचों में से 87 में जीत हासिल की है।**

# ग्रुप-ए में शीर्ष स्थान के लिये होगी भारत-न्यूजीलैंड में टक्कर

दुबई, 1 मार्च। चैंपियंस ट्रॉफी में सेमीफाइनल में अपना स्थान बना चुकी भारत और न्यूजीलैंड के बीच रविवार को ग्रुप ए में शीर्ष स्थान हासिल करने के साथ मनोवैज्ञानिक बढ़त लेने की टक्कर होगी। न्यूजीलैंड आईसीसी टूर्नामेंटों में लगातार एक मजबूत ताकत साबित हुआ है और इस संस्करण में उनका प्रदर्शन कोई अपवाद नहीं रहा है। कीवी टीम ने अपने अभियान की शुरुआत मेजबान पाकिस्तान पर शानदार जीत के साथ की और इसके बाद बांग्लादेश के खिलाफ शानदार जीत हासिल की। दूसरी ओर, भारत ने बांग्लादेश पर बड़ी जीत के साथ अपना दबदबा दिखाया, इससे पहले विराट कोहली की मास्टरक्लास पारी ने कट्टर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को टूर्नामेंट से जल्द ही बाहर का रास्ता दिखा दिया।

दोनों टीमों ने अपनी खेल योजनाओं को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया है, प्रमुख खिलाड़ियों ने महत्वपूर्ण क्षणों में आगे बढ़कर काम किया है। माइकल



ब्रेसवेल ने बांग्लादेश पर न्यूजीलैंड की जीत में शानदार भूमिका निभाई, उन्हें गेंदबाजी आक्रमण से भरपूर समर्थन मिला। भारत के स्पिनरों ने पाकिस्तान को ध्वस्त करने में निर्णायक भूमिका निभाई, जबकि कोहली के शानदार शतक ने उनकी फॉर्म में वापसी को उजागर किया।

इसके अलावा रचिन रवींद्र ने शानदार शतक के साथ रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया। सेमीफाइनल में जगह पक्की होने के बाद भारत आगामी मुकाबले के लिए कप्तान रोहित शर्मा और तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को आराम देने का विकल्प चुन सकता है। हालाँकि, फॉर्म में चल रहे कोहली की मौजूदगी मिशेल सेंटनर की अगुवाई वाली न्यूजीलैंड की गेंदबाजी के लिए एक बड़ी चुनौती होगी। भारत के पूर्व कप्तान की पाकिस्तान के खिलाफ शानदार पारी ने बड़े मंच पर अच्छा प्रदर्शन करने की उनकी क्षमता की पुष्टि की।

इस बीच, रवींद्र न्यूजीलैंड के लिए बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी रहे हैं। बांग्लादेश के खिलाफ 25 वर्षीय खिलाड़ी की मैच जिताऊ 112 रन की पारी ने आईसीसी टूर्नामेंटों में आगे बढ़ने की उनकी क्षमता को दिखाया है, जो इस तरह के आयोजनों में उनका चौथा शतक है। उनकी फॉर्म कीवी टीम के लिए महत्वपूर्ण होगी क्योंकि वे भारतीय आक्रमण को चुनौती देना चाहेंगे।

दोनों टीमों के पास जबरदस्त गेंदबाजी आक्रमण है। जहां ब्रेसवेल और विलियम ओरूर्के ने न्यूजीलैंड की कमान संभाली है, वहीं भारत ने शमी और हर्षित राणा की तेज गेंदबाजी जोड़ी पर भरोसा किया है। आगामी मुकाबला दोनों पक्षों के लिए एक महत्वपूर्ण परीक्षा के रूप में काम करेगा।

भारत के उप-कप्तान शुबमन गिल टूर्नामेंट के असाधारण बल्लेबाजों में से एक रहे हैं। 25 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने अभियान की शुरुआत बांग्लादेश के खिलाफ शतक के साथ की और इसके बाद पाकिस्तान के खिलाफ महत्वपूर्ण 46 रन बनाए। अतीत में न्यूजीलैंड के खिलाफ उल्लेखनीय प्रदर्शन करने के बाद गिल के 2023 विश्व कप सेमीफाइनल में नाबाद 80 रन भी शामिल है।

न्यूजीलैंड ने आईसीसी आयोजनों में भारत को परेशान किया है, लेकिन भारतीय टीम ने 2023 में अपनी सेमीफाइनल जीत के साथ उस सिलसिले को समाप्त कर दिया। दोनों टीमों के सेमीफाइनल में पहुंचने के साथ, आगामी प्रतियोगिता ग्रुप लीडर का निर्धारण करेगी। भारत अपने मौजूदा फॉर्म के साथ बढ़त बनाए हुए है और उसका लक्ष्य अजेय क्रम बनाए रखना होगा। मैच रविवार को दोपहर ढाई बजे शुरु होगा।

## आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल में टकराएंगे भारत-ऑस्ट्रेलिया?

### दोहराया जाएगा 2023 वर्ल्ड कप



दुबई, 1 मार्च। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के तीन सेमीफाइनलिस्ट सामने आ चुके हैं। जबकि चौथी टीम का नाम भी लगभग तय हो चुका है। टीम इंडिया के बाद न्यूजीलैंड और अब ऑस्ट्रेलिया ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया है। चौथी टीम साउथ अफ्रीका हो सकती है। साउथ अफ्रीका को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए हार भी मंजूर होगी, लेकिन इंग्लैंड की टीम इस मैच को 207 रन से ज्यादा के अंतर से नहीं जीतनी चाहिए। ऐसे में कहा जा सकता है कि वर्ल्ड कप 2023 दोहराया जा सकता है। वर्ल्ड कप 2023 की सेमीफाइनलिस्ट टीमें भारत, ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड की टीम थी। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भी यही चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंचने वाली हैं। जिनमें से टीम इंडिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड का नाम कन्फर्म हो गया है, जबकि साउथ अफ्रीका की टीम को इंग्लैंड को हराने की जरूरत हैं। इसके लिए साउथ अफ्रीका को ध्यान में ये रखना है कि अगर इंग्लैंड ने 300 रन बनाए तो 207 या इससे ज्यादा रनों से हार नहीं मिलनी चाहिए। इसके अलावा अगर साउथ अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी की ओर 300 रन बनाए तो इंग्लैंड की टीम को 11.1 ओवर में उस टारगेट को चेजनहीं करने देना चाहिए। अगर इससे बच जाती है और साउथ अफ्रीका की टीम मुकाबला हार भी जाती है तो भी सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी, क्योंकि साउथ अफ्रीका के तीन पॉइंट रहेंगे और अफगानिस्तान से नेट रन रेट बेहतर रहेगा।

## ध्रुव-तनिषा जर्मन ओपन के सेमीफाइनल में

जर्मनी, 1 मार्च। भारत के ध्रुव कपिला और तनीषा क्रैस्टो ने शुक्रवार को पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के गाओ जिया जुआन और वू मेंग यिंग को सीधे गेम में हराकर जर्मन ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पेरिस



2024 ओलंपियन तनीषा क्रैस्टो और उनके मिश्रित युगल साथी ध्रुव कपिला ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चीनी जोड़ी को केवल 30 मिनट में 21-14, 21-17 से हरा दिया। कपिला और क्रैस्टो ने शानदार शुरुआत करते हुए शुरुआती गेम में 11-2 की बढ़त बना ली। हालाँकि गाओ और वू ने थोड़े समय के लिए वापसी करते हुए अंतर को 13-10 तक कम कर दिया, लेकिन भारतीय जोड़ी ने तेजी से अपना दबदबा कायम करते हुए पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरा गेम कड़ा मुकाबला साबित हुआ, जिसमें चीनी जोड़ी ने जोरदार प्रतिरोध किया। हालाँकि, कपिला और क्रैस्टो ने जीत हासिल करने और सेमीफाइनल में जगह पक्की करने के लिए अपना हौसला बरकरार रखा। इस बीच, पुरुष एकल में, विश्व में 59वें स्थान पर मौजूद भारत के थारुन मन्नेपल्ली, फ्रांस के तीसरी वरीयता प्राप्त टोमा जूनियर पोपोव से कड़े मुकाबले में 16-21, 21-17, 21-8 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए।

## नेमार विश्व कप क्वालीफायर के लिए ब्राजील टीम में शामिल

रियो डी जनेरियो, 1 मार्च। ब्राजील फुटबॉल परिसंघ (सीबीएफ) ने नेमार को कोलंबिया और अर्जेंटीना के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर के लिए ब्राजील की प्रारंभिक टीम में शामिल किया है।



33 वर्षीय खिलाड़ी ने अक्टूबर 2023 में मोंटेवीडियो में उरुग्वे के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर के दौरान अपने बाएं घुटने में क्रूसिएट लिगामेंट के टूटने के बाद से अपने देश का प्रतिनिधित्व नहीं किया है। लंबी पुनर्प्राप्ति प्रक्रिया के बाद नेमार ने पिछली जनवरी में एक क्लब की ओर से खेलते हुये अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म की झलक दिखाई है। ब्राजील के मैनेजर डोरिवल जूनियर ने रियल बेटिस के विंगर एंटनी, किशोर रियल मैड्रिड के फॉरवर्ड एंड्रिक और एटलेटिको मैड्रिड के सैमुअल लिनो को भी शामिल किया है। इनके अलावा अनुभवी मिडफील्डर ऑस्कर और साओ पाउलो टीम के साथी लुकास मौरा को भी शामिल किया गया है। 52 सदस्यीय सूची में रियल मैड्रिड के विनीसियस जूनियर और रोड्रिगो, न्यूकैसल के एनफोर्सर ब्रूनो गुइमारेस और बार्सिलोना के विंगर रफिन्हा शामिल हैं।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ शमी को मिल सकता है आराम, अर्शदीप को मौका



दुबई, 1 मार्च। न्यूजीलैंड की टीम में पांच खब्बू बल्लेबाजों की मौजूदगी और पाकिस्तान के खिलाफ मैच में मोहम्मद शमी को पिंडली में हुई हल्की परेशानी के कारण भारतीय टीम प्रबंधन रविवार को चैम्पियंस ट्रॉफी के मैच में इस अनुभवी तेज गेंदबाज को आराम देकर अर्शदीप सिंह को उतार सकता है। शुक्रवार को अभ्यास सत्र को संकेत माने तो पंजाब के तेज गेंदबाज अर्शदीप इस मैच में शमी की जगह खेल सकते हैं। उन्होंने गेंदबाजी कोच मोर्नी मोर्कल के साथ काफी अभ्यास किया और 13 ओवर डाले। शमी ने छोटे रनअप के साथ सिर्फ छह सात ओवर फेंके। पाकिस्तान के खिलाफ 23 फरवरी के मैच में शमी को तीसरे ओवर के बाद ही फिजियो से दाहिने पैर में उपचार कराना पड़ा था। अभ्यास सत्र के दौरान खिलाड़ियों के हावभाव से लग रहा था कि भारत सेमीफाइनल से पहले शमी को ब्रेक दे सकता है। केएल राहुल ने मीडिया से बातचीत में कहा था कि विजयी संयोजन में बदलाव होगा या नहीं , कहा नहनीं जा सकता लेकिन सहायक कोच रियान टेन डोइशे ने शाम को संकेत दिया कि गेंदबाजी संयोजन में बदलाव हो सकता है।

## बेंगलुरु ओपन : उभरते सितारों को मिला पेशेवरों से प्रशिक्षण का मौका

बेंगलुरु, 1 मार्च। बेंगलुरु के 60 से अधिक उभरते टेनिस खिलाड़ियों को शनिवार को 2025 दाफान्यूज बेंगलुरु ओपन के मौके पर केएसएलटीए टेनिस स्टेडियम में आयोजित टेनिस क्लिनिक में पेशेवरों से सीखने का अनूठा अवसर मिला। 38वें राष्ट्रीय खेलों के स्वर्ण पदक विजेता निकी कालियांदा पूनाचा और एसडी प्रज्वल देव के साथ-साथ वर्तमान संस्करण के युगल फाइनलिस्ट ब्लेक बेयल्डन और मैथ्यू क्रिस्टोफर रोमियोस ने युवा खिलाड़ियों को टिप्स प्रदान की।

क्लिनिक में एक प्रश्नोत्तर सत्र, लाइव ट्रेनिंग और व्यावहारिक कोचिंग की सुविधा थी, जिससे युवा एथलीटों को अनुभवी पेशेवरों के साथ जुड़ने का मौका मिला। प्रतिभागियों को फिटनेस, पोषण, प्रशिक्षण दिनचर्या और मैच की तैयारी पर मार्गदर्शन प्राप्त हुआ, भारत में टेनिस के बढ़ते कद पर पूनाचा ने अपना उत्साह व्यक्त किया और कहा राष्ट्रीय खेलों में कर्नाटक के लिए प्रतिनिधित्व करना और पदक जीतना वास्तव में अच्छा था। मैंने देखा है कि युवा खिलाड़ियों का स्तर ऊंचा हो रहा है। वे बेहतर तैयार हैं। उसके कुछ दिनों बाद, यहां इतने सारे बच्चों को सीखने के लिए उत्सुक, सुधार करने के लिए उत्सुक देखना एक अच्छा संकेत है। यह हमें भविष्य के लिए एक मजबूत मंच देता है।

# इंग्लैंड को रौंदकर दक्षिण अफ्रीका चैम्पियंस ग्रुप-बी के शीर्ष पर



कराची, 1 मार्च। मार्को यानसन (39 रन पर तीन विकेट) और वियान मुल्डर (25 रन पर तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद रासी वान दर दुसें (72 नाबाद) और हाइनरिक क्लासन (64) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने शनिवार को चैंपियंस ट्राफी ग्रुप बी में इंग्लैंड को सात विकेट से रौंद कर अपना अभियान शीर्ष पर रह कर समाप्त किया। इस मुकाबले से पहले ही दक्षिण अफ्रीका सेमीफाइनल में अपनी जगह बना चुका है।

इंग्लैंड ने 38.2 ओवर के खेल में 179 रन बनाये थे जिसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने विजय लक्ष्य 29.1 ओवर में तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया। दक्षिण अफ्रीका ने आज अपने अनुशासित खेल से इंग्लैंड को खेल के किसी भी विभाग में प्रदर्शन का मौका नहीं दिया। नियमित कप्तान टेम्बा बावुमा की बीमारी के कारण एडेन मार्कराम को टीम की कमान दी गयी थी मगर हैमस्ट्रिंग के कारण वह भी बीच खेल में मैदान छोड कर चले गये। इन सबके बावजूद दक्षिण अफ्रीका के प्रदर्शन में कोई कमी नजर नहीं आयी और उन्होने बेहद आसानी से मैच को अपने पक्ष में कर लिया।

सलामी जोड़ी के रुप में ट्रिस्टन स्टब्स (0) और रायन रिकलटन (27) के जल्दी आउट होने के बाद दुसें और क्लासन ने रन बनाने की कोई जल्दी नहीं दिखायी और आसानी से विजय लक्ष्य के करीब टीम को पहुंचा दिया। क्लासन आदिल रशीद की गेंद पर आउट हुये। इससे पहले इंग्लैंड की ओर से जो रुट ने सर्वाधिक 37 रनों का निजी योगदान दिया जबकि बेन डकेट (24),कप्तान जॉस बटलर (21) और जोफ्रा आर्चर 25 रन ही जोड़ सके। इंग्लैंड के चार खिलाड़ी अपने निजी स्कोर को दहाई के अंक तक पहुंचाने से पहले ही अपना विकेट गंवा बैठे।

## सेमीफाइनल से पहले शॉर्ट की चोट ने बढ़ायी ऑस्ट्रेलिया की चिंता

लाहौर, 1 मार्च। सलामी बल्लेबाज मैथ्यू शॉर्ट की चोट ने ऑस्ट्रेलिया टीम प्रबंधन की चिंता बढ़ा दी है और आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनल मुकाबले से पहले उन्हे अपनी टीम में फेरबदल करने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। शुक्रवार को लाहौर में अफगानिस्तान के खिलाफ मैच बारिश की भेंट चढ़ जाने के दौरान सलामी बल्लेबाज मैथ्यू शॉर्ट को चोट लग गई थी। क्षेत्ररक्षण के दौरान शॉर्ट को पिंडली में चोट लग गई और बारिश के कारण मैच रद्द होने से पहले शीर्ष क्रम में 20 रन की अपनी संक्षिप्त पारी के दौरान वह लंगड़ाते दिखे। कोई नतीजा नहीं निकलने के बावजूद, ऑस्ट्रेलिया ने सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली है। सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया का मुकाबला भारत या न्यूजीलैंड से होगा। भारत के सेमीफाइनल में पहुंचने की स्थिति में आस्ट्रेलिया को नॉकआउट मुकाबले के लिए दुबई जाना होगा। कप्तान स्टीव स्मिथ ने संकेत दिया कि हाई-स्टेक्स मुकाबले के लिए शॉर्ट के समय पर ठीक होने की संभावना नहीं है। उन्होने कहा मुझे लगता है कि वह चोट से उबरने की कोशिश कर रहे हैं। हमने आज रात देखा कि वह बहुत अच्छी तरह से नहीं चल रहा था, और मुझे लगता है कि शायद उसे ठीक होने के लिए खेल के बीच बहुत जल्दी हो जाएगी।

## सबा क्लब ने सुराणा क्रिकेट एकेडमी को हराया यथार्थ भारद्वाज ने नाबाद 99 रन बनाए

जयपुर, 1 मार्च। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित के एल सैनी ए डिविजन लीग में आज खेले गए मैच में सबा क्लब ने सुराणा क्रिकेट एकेडमी को 7 विकेट से हराया। के एल सैनी स्टेडियम पर खेले गए मैच में सबा क्लब ने टॉस जीतकर पहले सुराणा क्रिकेट एकेडमी को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। सुराणा क्रिकेट एकेडमी ने भावित कुमावत के 72 रन, मनीष गोस्वामी के 31 रन, अभिषेक यादव के 42 रन, प्रशांत यादव के 20 रन, अनिल सैनी के 19 रन व लोकेश खांडल के 27 रनों से 46.5 ओवर में 231 रन बनाए।

सबा क्लब के लिए सार्थक त्यागी ने 51 पर 4, मनीष ने 28 पर 2, आयुष आमेरिया व आदित्य वाधवा ने 1 - 1 विकेट लिया। जवाबी पारी में सबा क्लब



ने मोहम्मद कैफ के 35 रन, आयुष आमेरिया के 56 रन, यथार्थ भारद्वाज के नाबाद 99 रन व नावेद खान के 30 रन नाबाद से 33.4 ओवर में 3 विकेट पर 232 रन बनाकर मैच जीत लिया। सुराणा क्रिकेट एकेडमी के लिए अभिषेक यादव ने 19 पर 2 व शक्ति चौहान ने 42 पर एक विकेट लिया। मैच के दौरान पूर्व रणजी कप्तान विनोद माथुर ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ए डिविजन लीग के आयोजित होने से जयपुर के खिलाड़ियों को आने वाले क्रिकेट सीजन में अवश्य फायदा मिलेगा। 2 मार्च को के एल सैनी स्टेडियम पर राजीव गांधी क्लब बनाम सबा क्लब क्लब क्लब के मध्य मैच खेला जाएगा ।

## प्राग मास्टर्स में प्रज्ञानानंदा ने पहली जीत दर्ज की, अरविंद ने एकल बढ़त हासिल की

प्राग, 1 मार्च। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने चेक गणराज्य के एनगुयेन थाई डाई वान के खिलाफ आसान जीत दर्ज की जबकि हमवतन अरविंद चितंबरम ने प्राग मास्टर्स के तीसरे दौर में चीन के शीर्ष वरीय वेई यी को हराकर एकल बढ़त हासिल की। टूर्नामेंट के प्रबल दावेदारों में से एक प्रज्ञानानंदा ने 14वीं चाल में यह प्रभावशाली जीत दर्ज की। पहले दो दौर में दो ड्रॉ खेलने के बाद उनके लिए यह जीत अहम रही। उन्होंने अपने प्रदर्शन के बारे में कहा, "कल (दूसरा दौर) कुछ खास नहीं था। पहले दौर में मेरी स्थिति अच्छी थी।" प्रज्ञानानंदा की यह पहली जीत रही जबकि हमवतन अरविंद चिथमबरम लाइव रेटिंग में दुनिया के शीर्ष 20 खिलाड़ियों में प्रवेश करने के बाद पहली बार एलीट टूर्नामेंट में खेल रहे हैं। अरविंद के इस जीत से तीन में से 2.5 अंक हो गए।

# नायर के नाबाद शतक से विदर्भ मजबूत स्थिति में

नागपुर,1 मार्च। दानिश मालेवर (73) और करुण नायर (132 नाबाद) के बीच 182 रन की साझीदार ी की मदद से विदर्भ ने रणजी ट्राफी फाइनल के चौथे दिन शनिवार को केरल के खिलाफ अपनी दूसरी पारी में चार विकेट 249 रन बना कर अपनी कुल बढ़त को 286 रन कर ली है। विदर्भ ने अपनी पहली पारी में 379 रन बनाये थे जिसके जवाब में केरल की पहली पारी 342 रन पर सिमट गयी थी।

मालेवर और नायर की जोड़ी पहली पारी में भी हिट रही थी और दोनो ने टीम को संकट से उबारते हुये चौथे विकेट के लिये 215 रन जोड़े थे। पहली पारी के शतकवीर मालेवर का विकेट अक्षय चंदन ने निकाल कर अपनी टीम को सांस लेने का मौका दिया। हालांकि करुण नायर की मौजूदगी केरल के लिये संकट का



सबब बन सकती है। विदर्भ रविवार को पांचवे और अंतिम दिन के खेल के पहले सत्र में तेज गति से रन बटोरने के बाद केरल को बल्लेबाजी का मौका देकर सीधी जीत की कोशिश कर सकता है,हालांकि केरल के लिये रणजी खिताब को पाने की तमन्ना दूर की कौड़ी साबित होना दिखायी देता है।

## भारत, ऑस्ट्रेलिया व द. अफ्रीका के बीच आज से शुरू होगी बधिर टी-20 त्रिकोणीय श्रृंखला

नई दिल्ली, 1 मार्च। भारत, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका की बधिर टीमों के बीच रविवार से नयी दिल्ली के करनैल सिंह स्टेडियम में बहुप्रतीक्षित टी-20 त्रिकोणीय श्रृंखला खेली जायेगी। इस त्रिकोणीय श्रृंखला का आयोजन भारतीय बधिर क्रिकेट संघ (आईडीसीए) की ओर से किया जा रहा है। भारत, दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया की अंतरराष्ट्रीय बधिर क्रिकेट टीमें दो से आठ मार्च तक होने वाली श्रृंखला में भाग लेंगी। त्रिकोणीय श्रृंखला के बाद, भारतीय बधिर क्रिकेट टीम 10 से 12 मार्च तक ऑस्ट्रेलिया के साथ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला खेलेगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार अखिल भारतीय पुरुष चयन समिति द्वारा चुनी गयी भारतीय बधिर क्रिकेट टीम की अगुवाई वीरेंद्र सिंह करेंगे। टी-20 अंतरराष्ट्रीय त्रिकोणीय सीरीज की शुरुआत भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच कल होने मैच से होगी और इसमें छह लीग मैच खेले जायेंगे। त्रिकोणीय श्रृंखला का फाइनल आठ मार्च को होगा। इस अवसर पर आईडीसीए के अध्यक्ष सुमित जैन ने कहा, यह त्रिकोणीय सीरीज विशेष महत्व रखती है, क्योंकि यह खेल की सच्ची भावना को प्रदर्शित करती है और तीन प्रमुख क्रिकेट देशों की बधिर क्रिकेट टीमों के बीच एक रोमांचक मुकाबला होगा।

# झुंझुनूं का अंकित जांगिड़ भारतीय क्रिकेट टीम में शामिल

## भारतीय बधिर क्रिकेट संघ ने की टीम की घोषणा, आज से नई दिल्ली में शुरू होगी अंतर्राष्ट्रीय त्रिकोणीय श्रृंखला

जयपुर/झुंझुनूं, 1 मार्च। जिले के जवान और उद्योगपति तो ना केवल देश में, बल्कि विश्व में अपनी पहचान रखते है। लेकिन अब खेलों की दुनियां में भी झुंझुनूं की धाक दिनोंदिन बढ रही है। अंडर-20 भारतीय महिला टीम में हैप्पी खीचड़ की एंट्री के बाद अब भारतीय बधिर क्रिकेट टीम में भी झुंझुनूं के खिलाड़ी ने एंट्री करके अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। जी, हां रविवार दो मार्च से नई दिल्ली में भारत, दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच टी20 अंतरराष्ट्रीय त्रिकोणीय शृंखला शुरू होने वाली है। जिसके लिए भारतीय बधिर क्रिकेट संघ ने अपनी 16 सदस्यों की टीम की घोषणा की है। जिसमें झुंझुनूं से अंकित जांगिड़ को भी शामिल किया गया है। करीब 27 साल पहले जब अंकित जांगिड़ का जन्म हुआ तो कुछ महीने तो माता सुमन देवी पिता शुभदान जांगिड़ को पता नहीं चला कि उनका लाडला ना तो बोल सकता है और ना ही सुन सकता है। लेकिन करीब पांच महीने का अंकित का हुआ। तब उन्हें पता चला कि अंकित ना सुन सकता है और ना ही बोल सकता है। पहला बेटा था। ऐसे में यह सुनकर परिवार के लोगों को बुरा तो जरूर लगा। लेकिन इसे भगवान का प्रसाद ही मानकर पालने का जिम्मा उठाया। अंकित जब चार



साल का हुआ तो उसे श्रीगंगानगर की एक मूक बधिर स्कूल में दाखिला दिलवाया। 11 साल अंकित श्रीगंगानगर रहा और वहां पर उसने आठवीं तक की पढाई की। इसके बाद नौ से एमए तक की पढाई जयपुर में की। इसी दौरान अंकित क्रिकेट खेलने लगा और कई राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में ना केवल अपने बल्ले से कमाल दिखाया। बल्कि बॉलिंग में भी खिलाड़ियों को ढेर किए। परिवार के लोगों को इतना अंदाजा कभी नहीं था कि एक दिन अंकित भारतीय क्रिकेट टीम का हिस्सा बनकर विदेशियों के खिलाफ मैदान में उतरेगा।

### पहले त्रिकोणीय शृंखला, फिर तीन मैचों की वन डे सीरिज भी

अंकित का चयन अब भारतीय बधिर क्रिकेट संघ द्वारा घोषित की गई भारतीय टीम के लिए हुआ है। हालांकि अंकित को मैदान में उतरने का मौका मिलेगा या नहीं। यह अभी साफ नहीं है। लेकिन अंकित अब बधिर क्रिकेट दुनिया के उन 16 भारतीयों में शामिल हो गया है। जो ना केवल देश की जमीन पर, बल्कि विदेशी जमीन पर भारत का नेतृत्व करेंगे। हाल ही में जो टीम घोषित की गई है। वह टीम भारत, दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच टी20 अंतरराष्ट्रीय त्रिकोणीय शृंखला दो से 8 मार्च तक नई दिल्ली में तथा 10 से 12 मार्च तक ऑस्ट्रेलिया के साथ तीन मैचों की एकदिवसीय शृंखला खेलेगी। अखिल भारतीय पुरुष चयन समिति द्वारा बधिर टीम का चयन किया गया। टीम का नेतृत्व वीरेंद्र सिंह करेंगे। जिसमें झुंझुनूं का अंकित भी शामिल है। अंकित पिछले दो-तीन सालों से झुंझुनूं में ही परिवार के साथ रहते हुए जीवेम क्रिकेट एकेडमी में तैयारी कर रहा है।

### आईसीसी और बीसीसीआई कर रहा सपोर्ट

भारतीय बधिर क्रिकेट संघ, बधिर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद डीआईसीसी का सदस्य है। डीआईसीसी दुनिया भर में श्रवण बाधित एथलीटों के बीच क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद आईसीसी के साथ मिलकर काम करता है। भारत में इस संघ को बीसीसीआई, यानि कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड भी सपोर्ट करता है। अंकित की इस उपलब्धि पर ना केवल परिवार के सदस्यों, बल्कि पूरे झुंझुनूं को नाज है। साथ ही अंकित ने यह साबित किया है कि दिव्यांग होना एक अभिशाप नहीं है। हम दिव्यांगता के साथ भी वो मुकाम हासिल कर सकते है। जिसके सपने एक आमजन देख सकता है।

## रॉयल चैलेंजर्स ने दिल्ली को दी 148 रन बनाने की चुनौती

बेंगलुरु, 1 मार्च। एलिस पेरी (60 नाबाद) की अर्धशतकीय पारी की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने शनिवार को वुमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के एक मैच में पांच विकेट पर 147 रनों का सम्मानजनक स्कोर खड़ा कर लिय। पेरी ने राघवी विष्ट (33) के साथ तीसरे विकेट के लिये 66 रन की भागीदारी की। उन्होने अपनी नाबाद अर्धशतकीय पारी के दौरान 47 गेंदों में तीन चौके और तीन छक्के लगाये। राघवी के आउट होने के बाद बेंगलुरु की रन गति धीमी रही और आखिरी 23 गेंदों में टीम 28 रन ही जोड़ सकी। बेंगलुरु की कप्तान स्मृति मंधाना का बल्ला आज नहीं चला और वह मात्र आठ रन का ही योगदान दे सकी। डेनिएल वायट ने 21 रन बनाये। दिल्ली के लिये शिखा पांडे और श्रीचरणी ने दो दो विकेट चटकाये। मरीजान कॉप को एक विकेट मिला।

## मनन कुमार मिश्रा लगातार सातवीं बार बी.सी.आई. अध्यक्ष निर्वाचित

नई दिल्ली, 01 मार्च। बार काउंसिल ऑफ इंडिया यानी बीसीआई ने शनिवार 01 मार्च को घोषणा की कि भारत के सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता और संसद सदस्य (राज्यसभा) मनन कुमार मिश्रा को लगातार सातवें कार्यकाल के लिए बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष के रूप में फिर से निर्विरोध चुना गया है। जारी किए गए एक बयान में कहा गया है कि भारत के लगभग 27 लाख जीवंत कानूनी बिरादरी के निर्वाचित प्रतिनिधियों ने एक बार फिर उनके

■ अधिवक्ता मनन कुमार मिश्रा बार काउन्सिल ऑफ इंडिया के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए हैं जो एक रिकॉर्ड है।

प्रतिष्ठित नेतृत्व में अपने विश्वास की पुष्टि की है। सातवें कार्यकाल के लिए अपने फिर से चुने जाने की घोषणा के तुरंत बाद, मिश्रा ने अपने निरंतर विश्वास और समर्थन के लिए पूरे कानूनी बिरादरी के प्रति अपना हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कानूनी समुदाय की सेवा करने के अपने अडिग संकल्प की पुष्टि की और अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए अपने समर्पण पर जोर दिया। मनन कुमार मिश्रा ने आगे कहा कि अधिवक्ता संशोधन विधेयक पेश किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री भजनलाल ने भरतपुर सर्किट हाउस में जन सुनवाई की

## कई सामाजिक संगठनों ने बजट में भरतपुर व डीग को दी गई सौगातों के लिए आभार जताया

भरतपुर/जयपुर, 1 मार्च। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की भरतपुर यात्रा के दौरान, शनिवार को जिले के विभिन्न सामाजिक संगठनों ने सर्किट हाउस में उनसे मुलाकात की। संगठनों के प्रतिनिधियों एवं आमजन ने राज्य बजट, 2025-26 में भरतपुर एवं डीग जिले को दी गई सौगातों के लिए शर्मा का आभार भी जताया। इस दौरान, नन्हे जूडो कराटे खिलाड़ियों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की तथा प्रतियोगिता में जीते अपने मैडल उन्हें

■ मुख्यमंत्री ने जन सुनवाई में सामने आयी आमजन की समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिये।

दिखाए। मुख्यमंत्री ने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

मुख्यमंत्री ने सर्किट हाउस में जनसुनवाई भी की और संबंधित अधिकारियों को आमजन की समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार को भरतपुर दौरे पर रहे। जिले के विभिन्न सामाजिक संगठनों व आमजन ने सर्किट हाउस में उनसे मुलाकात की और बजट में भरतपुर एवं डीग जिले को दी गई सौगातों के लिए आभार जताया।*

इस अवसर पर गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, विधायक बहादुर सिंह कोली, डॉ. शैलेश सिंह, डॉ. ऋतु बनावत सहित, विभिन्न जनप्रतिनिधि, लघु उद्योग भारती, बृज हनी, ब्रह्माकुमारीज़ संस्था के सदस्य, उद्योग जगत के प्रतिनिधि और आमजन उपस्थित थे। इससे पहले भरतपुर पहुंचने पर हैलीपेड पर मुख्यमंत्री शर्मा का स्थानीय जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वागत किया।

## तेलंगाना: टनल में फंसे 4 लोगों की लोकेशन मिली

नागरकुरनूल, 01 मार्च। तेलंगाना टनल हादसे में शनिवार को बड़ा अपडेट सामने आया है। यहां टनल ढ हने के बाद सप्ताहभर से जारी बचाव अभियान के दौरान शनिवार को एक सफलता तब मिली, जब इसमें फंसे कुल आठ लोगों में से चार के 'लोकेशन' का पता लगा लिया गया। यह जानकारी तेलंगाना के आबकारी मंत्री जुपल्ली कृष्ण राव ने दी। सिंचाई मंत्री एन उत्तम कुमार रेड्डी के साथ बचाव अभियान में शामिल अधिकारियों की बैठक में शामिल कृष्ण राव ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में

■ तेलंगाना के आबकारी मंत्री जे.कृष्ण राव ने कहा, उम्मीद है कि इन्हें बचा लिया जाएगा।

काफी प्रगति हुई है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि मेरे विचार से रडार के जरिए चार लोगों के लोकेशन का पता लगा लिया गया है।

मंत्री ने उम्मीद जताई कि रविवार शाम तक उन्हें बाहर निकाल लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि अन्य चार लोग सुरंग खोदने की मशीन (टीबीएम) के नीचे फंसे हुए हैं। जिन चार लोगों के बारे में पता चला है, उनकी स्थिति के बारे में पूछे जाने पर मंत्री ने याद दिलाया कि उन्होंने पहले ही दिन कहा था कि बचने की संभावना बहुत कम है।

## 'आप इस स्थिति में नहीं...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

के राष्ट्रपति के एक्शन से ज्यादा महत्वपूर्ण है। अमेरिका को जो बात अच्छा देश बनाती है, वह यह है कि अमेरिका कूटनीति पर चल रहा है। राष्ट्रपति ट्रम्प यही कर रहे हैं। इस पर ज़ैलैंस्की ने कहा क्या वे एक सवाल पूछ सकते हैं, वैंस ने कहा "हां जरुर।"

ज़ैलैंस्की ने कहा, ओ के। उन्होंने (पुतिन) यूक्रेन के एक बड़े भाग, पूर्व के भाग और क्रीमिया पर कब्जा कर लिया है। पुतिन ने 2014 में इस पर कब्जा किया था इतने सालों में, मैं बाइडन के बारे में बात नहीं कर रहा, पर उस समय ओबामा थे, फिर ट्रम्प आए और फिर बाइडन आए और अब फिर ट्रम्प आए हैं और अब ट्रम्प उन्हें रोकेंगे। पर 2014 में किसी ने उन्हें नहीं रोका, उन्होंने हमारी जमीन पर कब्जा कर लिया, लोगों को मारा।"

ज़ैलैंस्की ने कहा, हां 2014 से 2022 तक स्थिति एक जैसी थी। लोग कॉन्टैक्ट लाइन पर मर रहे थे। किसी ने भी उन्हें नहीं रोका। आपको पता है हमने उनसे बात की थी, बहुत चर्चाएं हुईं, हमने उनसे डील की थी। फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रो और जर्मनी की पूर्व चांसलर मर्केल ने सीज़ फायर पर साइन किए थे। पर उसके बाद पुतिन ने सीज़ फायर तोड़ दिया। हमारे लोगों को मारा, बंदियों का आदान-प्रदान नहीं किया। हमने इस पर डील की थी, पर उन्होंने नहीं किया। जे डी आप ये कैसी कूटनीति की बात कर रहे हैं, आपका क्या मतलब है।"

वैंस ने कहा, "मैं उस कूटनीति की बात कर रहा हूं, जिससे आपके देश का विनाश रुक जाए।" तो ज़ैलैंस्की ने कहा, "हालांकि अगर आप---" लेकिन वैंस बीच में ही बोले, मिस्टर प्रैसिडैंट, मैं पूरे सम्मान के साथ कह रहा हूँ मुझे ऐसा लग रहा है कि ओवल ऑफिस में आकर अमेरिकन मीडिया के सामने विवाद खड़ा करना अपमानजनक है। अभी आप जबरन भर्ती किए गए सैनिकों को सीमा पर भेज रहे हैं क्योंकि आपके पास मैन पावर कम है आपको राष्ट्रपति का धन्यवाद करना चाहिए।

झड़प के बीच में ज़ैलैंस्की ने वैंस से कहा "क्या आपने कभी यूक्रेन जाकर वहां के लोगों की समस्याएं देखी हैं उनका पक्ष सुना है। और मैं जानता हूं, जब आप लोगों को प्रचार यात्रा पर ले जाते हैं तो क्या होता है।"

वैंस ने कहा 'क्या आप इस बात से असहमत हैं कि अपनी सेना में लोगों को लाने में आपको समस्या हुई है, और आपको लगता है कि क्या यह ठीक है कि आप संयुक्त राज्य अमेरिका के ओवल ऑफिस में आकर उस प्रशासन पर हमला करें, जो आपके देश के विनाश को रोकने की कोशिश कर रहा है?' इस पर ज़ैलैंस्की ने कहा, "युद्ध के दौरान हर किसी को समस्याएं होती हैं, यहां तक कि अमेरिका को भी।"

ज़ैलैंस्की ने कहा, आपके पास अच्छे समाधान हैं और अभी आप महसूस नहीं करते, लेकिन आप इसे भविष्य में महसूस करेंगे।" इस पर ट्रंप भड़क गए और बोले, आप नहीं जानते। हमें मत बताइए कि हम क्या महसूस करेंगे। हम एक समस्या हल करने की कोशिश कर रहे हैं।" इस पर ज़ैलैंस्की ने कहा, मैं आपको नहीं बता रहा, मैं जवाब दे रहा हूँ।"

फिर ट्रंप ने अपनी आवाज़ ऊंची की और कहा, आप हमें नहीं बता सकते, हम क्या महसूस करेंगे। हम बहुत अच्छा और बहुत मजबूत महसूस करेंगे। आप अभी बहुत अच्छी स्थिति में नहीं हैं। आपने खुद को बहुत बुरी स्थिति में डाल दिया है।" चूंकि ज़ैलैंस्की उन्हें बीच में रोकने की कोशिश कर रहे थे तो ट्रंप बोले, "आप लाखों लोगों की जान के साथ जुआ खेल रहे हैं, आप तीसरे विश्व युद्ध के साथ जुआ खेल रहे है और जो आप कर रहे हैं, वह इस देश के लिए बहुत अपमानजनक है।" वैंस ने ज़ैलैंस्की से पूछा कि क्या उन्होंने एक बार भी धन्यवाद कहा है।"

इस बहस के बाद डॉनल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि वोलोडिमीर ज़ैलैंस्की "वापस आ सकते हैं।" आज वाइट हाउस में हमारी एक बहुत महत्वपूर्ण बैठक हुई। बहुत कुछ सीखा गया, जो इतने भारी दबाव में हुई वार्ता के बिना कभी समझा नहीं जा सकता था। यह अद्भुत है कि भावनाओं के माध्यम से क्या निकलता है, और मुझे लगता है कि राष्ट्रपति ज़ैलैंस्की शांति के लिए तैयार नहीं हैं, अगर अमेरिका शामिल है। क्योंकि उन्हें लगता है कि हमारी भागीदारी उन्हें बातचीत में एक बड़ा फायदा देती है।"

हालाँकि, वोलोडिमीर ज़ैलैंस्की ने डॉनल्ड ट्रंप के साथ अपने विवाद के लिए माफी मांगने से मना कर दिया। उन्होंने फॉक्स न्यूज से कहा, "मुझे नहीं लगता कि हमने कुछ गलत किया है," उन्होंने हालांकि कहा कि वे चाहते थे कि यह बातचीत पत्रकारों के सामने न होती। उन्होंने यह भी कहा कि यूक्रेन और अमेरिका के बीच रिश्ते अभी भी सुधारे जा सकते हैं। यू.एस.-यूक्रेन संबंध 'दो राष्ट्रपतियों से अधिक हैं,' यूक्रेन को रूस के खिलाफ संघर्ष में वॉशिंगटन की मदद की सख्त जरूरत है।

## 'दिल्ली में 31 मार्च के बाद 15 साल पुराने वाहनों को डीज़ल-पैट्रोल नहीं मिलेगा'

नयी दिल्ली, 01 मार्च। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिन्दर सिंह सिरसा ने शनिवार को कहा कि दिल्ली में सभी पेट्रोल पम्पों पर 15 साल पुराने वाहनों को 31 मार्च के बाद इंधन भरवाने पर रोक रहेगी।

सिरसा ने प्रदूषण नियंत्रण को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक के बाद, पत्रकारों से आज कहा कि 15 साल पुराने सभी वाहनों को तेल देना बंद कर दिया जाएगा।

इसके लिए पेट्रोल पम्पों पर ऐसे उपकरण लगाये जा रहे हैं, जो 15 साल पुराने वाहनों की पहचान कर लेंगे। अब तक 80 फीसदी पेट्रोल पम्पों पर ऐसे उपकरण लगाये जा चुके हैं और 31 मार्च तक सभी पम्पों पर ऐसे उपकरण लगा लिये जाएंगे।

उन्होंने कहा कि राजधानी में 15 साल पुराने वाहनों की पहचान के लिए एक टीम बनाई जाएगी। यह टीम 15 साल पुराने वाहनों को दिल्ली में आने से रोकने के साथ-साथ, यहां के पुराने वाहनों को दिल्ली से बाहर करने का काम करेगी।

सिरसा ने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए पौधारोपण कार्यक्रम में दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रों को जोड़ा जाएगा। छात्रों को प्रोत्साहित करने के

■ दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने यह आदेश जारी किया।

लिए उन्हें प्रमाण पत्र देने पर भी विचार किया जाएगा।

दिल्ली के अंदर बड़े होटलों, कार्यस्थलों, निर्माण स्थलों और हवाई अड्डों को प्रदूषण नियंत्रण के लिए उपाय करने का प्रावधान करना होगा।

दिल्ली में बंजर पड़ी भूमि पर पौधारोपण करने का काम किया जाएगा, ताकि प्रदूषण को कम किया जा सके।

## चतुर्थ श्रेणी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

करने के लिए समय मांगा। अदालत की ओर से समय देने के बावजूद राज्य सरकार की ओर से कोई भी वकील पेश नहीं हुआ। इस पर अदालत ने कहा कि आदेश के बाद भी राज्य सरकार ने यह नहीं बताया है कि याचिकाकर्ता वेतन क्यों रोका गया है। इसलिए याचिका निस्तारित कर राज्य सरकार को निर्देश दिया जाता है कि वह 15 दिन में प्रार्थी का बकाया वेतन दे। वहीं ऐसा नहीं होने पर प्रमुख स्वायत्त शासन सचिव संबंधित अफसरों का वेतन रोकें। याचिका में कहा गया कि था कि राज्य सरकार ने बिना किसी कारण याचिकाकर्ता का वेतन दिसंबर, 2023 से रोक दिया था। याचिकाकर्ता के पूछने पर भी वेतन रोकने का कारण नहीं बताया गया। याचिका में कहा गया कि उसका ढाई साल का बच्चा बीमार है और उसे रुपयों की जरूरत है।

## समय पर ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

गया था। करार के अनुसार, बिल्डर द्वारा परिवादी को 31 जुलाई, 2019 को फ्लैट का कब्जा सौंपा जाना था, लेकिन बिल्डर ने परिवादी को नियत समय तक कब्जा नहीं सौंपा। इस पर परिवादी ने बिल्डर को कई बार लिखित नोटिस दिए, लेकिन बिल्डर ने न तो कब्जा सौंपा और न जमा राशि ही लौटाई। इस पर परिवादी की ओर से उपभोक्ता आयोग में परिवाद पेश कर कहा गया कि उसने बिल्डर को 26.21 लाख रुपए अग्रिम और होम लोन के ब्याज के तौर पर बैंक को 5.27 लाख रुपए का भुगतान किया है। इसके अलावा, फ्लैट के अन्य मदों पर भी खर्च हुआ है। इसलिए उसने जमा राशि दिलाने और मानसिक संताप के तौर पर मुआवजा राशि दिलाने की गुहार की। याचिका पर सुनवाई करते हुए आयोग ने इसे बिल्डर का सेवा दोष और अनुचित व्यापार प्रथा मानते हुए हर्जाना लगाया है।

# उत्तराखंड एवलांच से 50 मजदूर निकाले गए, 4 की इलाज के दौरान मौत

## 5 श्रमिक अभी भी लापता हैं जिनकी खोज जारी है

देहरादून, 01 मार्च। उत्तराखंड में माणा के पास भारी हिमस्खलन हादसे के दूसरे दिन शनिवार को 17 मजदूरों को रेस्क्यू किया गया। उन्हें सेना के अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है। अब तक कुल 50 श्रमिकों का रेस्क्यू किया जा चुका है। इनमें से चार ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। 5 मजदूर अब भी लापता हैं। सेना, आईटीबीपी, एनडीआरएफ, एसडीआर और वायु सेना के बचाव दल पांच अन्य श्रमिकों की तलाश में युद्ध स्तर पर अभियान छेड़े हुए हैं। सेना के मुताबिक, तीन कंटेनरों का पता नहीं चल रहा है, वे भारी बर्फ के नीचे दबे हैं। उनकी खोज के लिए दिल्ली से जीपीआर रडार मंगाया गया है।

बचाव अभियान की मॉनीटरिंग कर रहे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को सुबह हवाई सर्वेक्षण किया और ज्योतिर्मठ में राहत और बचाव कार्यों की समीक्षा की। इसके बाद, वे सीधे यूएसडीएमए के आपातकालीन परिचालन केन्द्र पहुंचे। मुख्यमंत्री ने शासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बचाव अभियान को लेकर चर्चा की। वे

■ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बचाव कार्य की निगरानी कर रहे हैं, उन्होंने घटना स्थल का हवाई सर्वे किया।

मीडिया से भी मुखातिब हुए। उन्होंने कहा कि सुबह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फोन पर अपडेट लिया और हरसंभव मदद का भरोसा दिया। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी श्रमिकों की सुरक्षित निकासी के लिए चिंतित हैं और अपडेट ले रहे हैं। सीएम के मुताबिक, अब तक 50 श्रमिकों को बचा लिया गया है। पांच श्रमिकों की खोजबीन के लिए युद्धस्तर पर रेस्क्यू अभियान संचालित किया जा रहा है।

सीएम ने कहा कि पांच कंटेनरों को ट्रेस कर श्रमिकों को सुरक्षित निकालने में राहत और बचाव दलों को सफलता मिली है। अत्यधिक बर्फ होने के कारण तीन कंटेनर ट्रेस नहीं हो पा रहे हैं। आर्मी, आईटीबीपी द्वारा इन कंटेनरों का पता लगाने के लिए युद्धस्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। कंटेनरों ने तलाश के लिए आर्मी के स्निफर डाग्स की तैनाती की गई है। सेना की तीन टीमों द्वारा सघन पेट्रोलिंग की जा रही है। दिल्ली से सेना का ग्राउंड पेनीट्रेशन रडार (जीपीआर रडार) मंगाया गया है, जो बर्फ के अंदर कंटेनरों को ट्रेस करने में मदद करेगा। हवाई सर्वेक्षण के बाद सीएम ने कहा कि वहां भारी बर्फबारी हो रही है तथा छह से सात फीट तक बर्फ जमा है। आने वाले दिनों में हिमस्खलन की संभावना के दृष्टिगत जिन स्थानों में श्रमिक कार्य कर रहे हैं, वहां से उन्हें सुरक्षित स्थानों पर भेजने के निर्देश दे दिए गए हैं।

## प्र.मंत्री ने ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

गया था। 2023 में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने "सूफी सम्वाद महा अभियान" के अन्तर्गत, एक कार्यक्रम आयोजित किया था, जिसमें 100 से अधिक दरगाहों से आये करीब 200 सूफी शामिल हुये थे। उस समय, भाजपा ने भारत के 22 राज्यों में सूफियों तक पहुंच बनाने के लिये विभिन्न कमटियाँ भी गठित की थीं।

## ज़ैलेंस्की व ट्रम्प ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

ट्रंप ने हमेशा की तरह गलत जानकारी फैलाने की पूरी कोशिश की थी।

जब ट्रंप यह कह रहे थे कि केवल अमेरिका ने यूक्रेन को पैसे और हथियार दिए हैं, तो फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने उन्हें बीच में रोकते हुए उनकी जानकारी को सही किया।

उस बैठक के बाद, अमेरिकी राष्ट्रपति ने ब्रिटिश प्रधानमंत्री का सार्वजनिक रूप से अपमान किया और तंज करते हुए पूछा, क्या ब्रिटेन अकेले रूसियों का सामना कर सकता है। अमेरिका की यात्रा पर आए ब्रिटिश प्रधानमंत्री के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति के इस ताने को सुनकर वहाँ उपस्थित लोग हंस पड़े।

यूक्रेन के साथ जो भी होगा, लेकिन, अब पूरी दुनिया अमेरिका के वादों और समर्थन को संदेह से देखेगी। अब कोई भी किसी सौदे में अमेरिका पर विश्वास नहीं करेगा।

अमेरिका और यूरोप के बीच कोहरा जैसी स्थिति उत्पन्न हो रही है, जिसमें एक दूसरे को ये देश न देख पा रहे हैं न पहचान रहे हैं और यह स्थिति चार साल तक रहेगी। उसके बाद क्या होगा, भगवान ही जाने।




राष्ट्रदूत हिन्दु संयुक्त परिवार की ओर से सोमेश शर्मा द्वारा ज्वाईन्ट मीडिया, आजाद मार्ग, मैन रोड, आयड, उदयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 57928/93 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513 कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371 अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन 226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908